पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 246

ग्वालियर, शुक्रवार, 29 अक्टूबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

खास खबर

प्रदेश भर में लगेंगे 23 लाख स्मार्ट मीटरः ऊर्जा मंत्री

भोपाल। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मंत्री ने बताया कि प्रदेश के सभी बिजली उपभोक्ताओं के घर में स्मार्ट मीटर लगाने की योजना है। योजना के तहत करीब 23 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। इंदौर शहर में एक लाख 20 हजार स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा ?कि स्थानीय निर्माताओं को प्रोत्साहित करने के लिए ऊर्जा विभाग जरूरत का 10 फीसद सामान स्थानीय बाजार से खरीदेगा। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। विभाग ने आत्म निर्भर मध्य प्रदेश को बढ़ावा देने के लिए यह निर्णय लिया है। ताकि निर्माताओं का सामान स्थानीय स्तर पर ही बिके और वे आत्म निर्भर मध्य प्रदेश के निर्माण में सरकार का सहयोग कर सकें। विभाग के मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि आत्म निर्भर मध्य प्रदेश रोडमैप-2023 के तहत विभाग भी स्थानीय निर्माताओं को प्रोत्साहित कर रहा है। इसलिए जरूरत का 10 फीसद सामान स्थानीय निर्माताओं से लेने का निर्णय लिया गया है। तोमर कहते हैं कि रोडमैप के तहत हाथ में लिए गए कामों को विभाग प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। पारेषण प्रणाली के विस्तार कार्यक्रम में ग्रीन एनर्जी कारीडोर योजना एवं टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के माध्यम से अति उधर दाब उप केंद्रों एवं उनसे संबंधित लाइनों के निर्माण किए जा रहे हैं।

आसियान की एकता भारत के लिए प्राथमिकता रही हैः पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों के संगठन आसियान (एएसईएएन) की एकता और केन्द्रीयता भारत के लिए हमेशा प्राथमिकता रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल माध्यम से आयोजित भारत-आसियान शिखर सम्मेलन में कहा कि भारत की हिंद-प्रशांत महासागर पहल आईपीओआई और हिंद प्रशांत के लिए आसियान का दृष्टिकोण इस क्षेत्र में उनके साझे नजरिए एवं आपसी सहयोग की रूपरेखा हैं। उन्होंने कहा कि 2022 में भारत और आसियान की साझेदारी को 30 वर्ष पूरे हो जाएंगे और इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को %आसियान-भारत मित्रता वर्ष% के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कोविड-19 के प्रकोप के बीच आपसी सहयोग भारत और आसियान के संबंधों को भविष्य में मजबूत करता रहेगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और आसियान के बीच गहरे ऐतिहासिक संबंध हैं जो हमारे साझा मूल्यों, संस्कृति, परंपराओं, भाषा और खान पान संबंधी आदतों में झलकते हैं।आसियान की एकता और केंद्रीय नीति हमेशा भारत के लिए एक महत्वपूर्ण रही है।

गलतफहमी में जी रहे राहुल गांधी अगले कई दशकों तक बीजेपी होगी बड़ी प्लेयरः प्रशांत किशोर

नई दिल्ली। भारतीय राजनीति में अगले कई दशकों तक बीजेपी का दबदबा रहने वाला है और मोदी युग के अंत का इंतजार करना कांग्रेस नेता राहुल गांधी की गलती है...यह कहना है चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर का। प्रशांति किशोर हाल ही में गोवा दौरे पर थे, जहां उन्होंने साफ कहा कि उनका मानना है कि अगले कई दशकों तक बीजेपी से लड़ना होगा। प्रशांत किशोर फिलहाल बंगाल सीएम ममता बनर्जी के लिए पर्दे के पीछे रहकर काम कर रहे हैं। इसी साल हुए बंगाल विधानसभा चुनाव में टीएमसी को जीताने के बाद किशोर ने ऐलान किया था कि वह ममता बनर्जी के साथ काम नहीं कर रहे हैं। हालांकि, खबरें यह भी आईं कि प्रशांत किशोर कांग्रेस जॉइन कर सकते हैं लेकिन कई दौर की वार्ता के बाद भी बात न बनने पर अब प्रशांत किशोर एक बार फिर से टीएमसी के साथ काम कर रहे हैं। आगामी विधानसभा चुनावों से पहले गोवा भी वह टीएमसी की जमीन तलाशने ही पहुंचे हैं।

मुंबई-आगरा हाईवे पर आपस में भिड़ीं कई गाड़ियां, 4 लोगों की मौत

मुंबई। मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर आठ से दस वाहनों की एक दूसरे से टक्कर में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। हादसे में वाहनों में फंसकर दुर्घटना के शिकार लोगों को निकालने के लिए प्रशासन को बड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। हादसे में मरने वालों की संख्या भी बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। इस हादसे में एक मारुति बोलेरो कार पूरी तरह से चकनाचूर हो गई। गाड़ियों के नंबर प्लेट के पूरी तरह से चकनाचूर हो जाने से वाहनों और यात्रियों के बारे में जानकारी मिलने में मुश्किल हो रही है। यह हादसा मध्य प्रदेश से धुले जाने वाली सड़क पर हुआ है। बताया गया कि शिरपुर तालुका के पलासनेर इलाके में मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग मध्य प्रदेश स्थित सेंधवा से शिरपुर आते समय बुधवार रात करीब 8 से 8=30 बजे हादसा हुआ। हादसे में तीन से चार चौपहिया वाहन और कुछ ट्रक शामिल हैं।

प्रदेश के विभिन्न स्थान पर 32 अतिरिक्त रैक 30 अक्टूबर तक पहुँचेंगे

किसान भाई परेशान न हो, खाद उपलब्ध कराई जाएगी : मुख्यमंत्री चौहान

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने की केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्री मांडविया से फोन पर चर्चा

खाद की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

एन.पी.के. और सुपर फास्फेट का उपयोग करने की अपील

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश की आवश्यकता के अनुसार डी.ए.पी., यूरिया, एन.पी.के. की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी, किसान भाई परेशान न हों। खाद की कमी की मानसिकता छोड़ें, चिंता न करें, समय-समय पर आवश्यक मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाएगी। प्रदेश के विभिन्न स्थान पर 32 अतिरिक्त रैक 30 अक्टूबर तक पहुँचेंगे। यह यूरिया किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। नवम्बर में खाद की आपूर्ति के लिए भारत सरकार से चर्चा की है। प्रदेश की आवश्यकता के अनुसार हमें खाद निश्चित रूप से मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री

चौहान निवास पर प्रदेश में खाद की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, कृषि उत्पादन आयुक्त शैलेन्द्र सिंह, अपर मुख्य सचिव कृषि अजीत केसरी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पिछले वर्ष अक्टूबर के अंत तक 3 लाख 48 हजार मीट्रिक टन यूरिया किसान भाई-बहनों द्वारा उठाया गया था। इस साल 3 लाख 18 हजार मीट्रिक टन उठा लिया गया है। बाकी शेष बची मात्रा भी इस माह के अंत तक उपलब्ध करा दी जाएगी। गत वर्ष अक्टूबर माह के अंत तक 2 लाख 78 हजार मीट्रिक टन यूरिया किसान द्वारा खरीदा गया था। इस साल 2 लाख 31 हजार मीट्रिक टन यूरिया किसान भाई-बहन खरीद चुके हैं और बची हुई शेष मात्रा भी उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि एन.पी.के. भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किसान भाइयों से आवश्यकता पड़ने पर एन.पी.के. और सुपर फास्फेट का उपयोग करने की अपील भी की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि जिलों में किसी भी स्थिति में खाद की कालाबाजारी न हो तथा न्यायपूर्ण वितरण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

प्रदेश् में ठंड की ने दे दी दस्तक

60 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चली, पारा 7 डिग्री लुढ़का

पचमढ़ी, रायसेन और भोपाल की रात सबसे सर्द

भोपाल। मध्यप्रदेश का रात का पारा अचानक लुढ़क गया है। सामान्य से 7 डिग्री नीचे तापमान गिर गया। पचमढ़ी और रायसेन में तो तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि मंडला में 12 डिग्री तक लुढ़क गया। पचमढ़ी, रायसेन और मंडला के बाद भोपाल की रात सबसे ज्यादा सर्द रही। यहां रात का पारा पहली बार 13 डिग्री सेल्सियस तक आ गया। इस सीजन में इससे पहले न्यूनतम तापमान दो 16 डिग्री तक आया था। इसकी वजह समुद्र तल से करीब 10 से लेकर 15 किमी की ऊंचाई पर 60 किमी प्रतिघंटा की तेज हवा का चलना है। हिमालय और पूर्व से ठंडी हवाएं आने लगीं।

मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश सिंह ने बताया अभी एक सप्ताह तक इसी तरह तापमान कम-ज्यादा होते रहेंगे। एक पश्चिमी विक्षोप आ रहा है। वह तीन तक रहेगा। इसके जाते ही तापमान में फिर गिरावट होगी। अच्छी ठंडी का अहसास दीपावली के बाद ही होगा।

इस कारण तापमान में गिरावट

मौसम विभाग के अनुसार समुद्र तल से 10 से 15 किमी की ऊंचाई को क्षोभ मंडल कहते हैं। इस दौरान यहां पर हवाओं की रफ्तार 60 किमी प्रतिघंटा तक होती है। इनकी रफ्तार से हवाओं के चलने के कारण हिमालय और पूर्व से ठंडी हवाएं चलने लगी हैं। आसमान साफ होने और ठंडी हवाओं के कारण तापमान में गिरावट होती है। बुधवार को आसमान साफ होने और हवा की गति 60 किमी प्रतिघंटा होने से अचानक तापमान गिर गया।

सात दिन कम ज्यादा तापमान

मौसम विभाग के अनुसार अगले सात दिन इसी तरह तापमान बना रहेगा। वैज्ञानिक सिंह के अनुसार क्षोभ मंडल में हवाओं का डायवर्सन है। यहां पर तेज हवाएं चल रही हैं। ऐसे में हिमालय और पूर्व से ठंडी हवाएं आने लगी हैं। इससे रात के तापमान में अचानक गिरावट आ गई। कुछ जगहों पर तो तापमान 7 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। इसी कारण मध्यप्रदेश में बीते 24 घंटे में तापमान में ज्यादा गिरावट दर्ज की गई है। यह ठंड आने का लक्षण है। अभी प्रदेश में रात का औसतन पारा 16 से 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहेगा। दिन के तापमान में ज्यादा परिवर्तन नहीं होगा। अगले तीन दिन तापमान कुछ बढ़ेंगे, उसके बाद तापमान में फिर गिरावट होगी।

गृह मंत्री ने किया टीला थाने के नये भवन का उद्घाटन

भोपाल। राजधानी के पुराने शहर के टीलाजमालपुरा थाना के नए भवन का उद्घाटन गुरुवार को गृह मंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा द्वारा किया गया। जानकारी के अनुसार थाने का नया भवन 1 करोड़ 73 लाख की लागत से एक साल मे बनकर तैयार हुआ है। तीन मंजिला नये भवन थाना प्रभारी कक्ष, ड्यूटी आफिसर कक्ष, एक-एक महिला एवं पुरुष लॉकअप, एक मालखाना, रिकार्ड कक्ष, एच.सी.एम. कक्ष, विश्राम कक्ष एवं टॉयलेट सहित, एक आर्मरी कक्ष, सब इन्सपेक्टर कक्ष, इंट्रोगेशन कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, रिपोटिंग कक्ष, विसरा कक्ष, महिला/पुरुष टॉयलेट्स और रिसेप्शन रुम बनाये गये है। इसके साथ ही नये भवन मे कान्फ्रेंस हॉल, सी.सी.टी.एन.एस. कक्ष, ऑफिस स्टॉफ कक्ष, वायरलेस कक्ष, सर्वर रूम, कैफेटेरिया,

पेन्ट्री एवं ज्ञ महिला/पुरुष टॉयलेट भी तैयार किया गया है। वहीं थाना में जिम ओर दो ड्रैसिंग लॉबी भी बनाई गई है। थाने के नये भवन के उद्घाटन के अवसर पर एडीजी साई मनोहर, डीआईजी इरशाद वली, एसपी नार्थ विजय खत्री, एसपी साउथ साईं कृष्णा थोटा एएसपी रामस्नेही मिश्रा, एएसपी राजेश सिंह भदौरिया सहित पुलिस के अनेक अधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मीडीया से बातचीत करते हुए कहा कि साइबर क्राइम के मामलों में अपराधियों को पकड़ने में हम हिंदुस्तान में नंबर वन पर है, वहीं उन्होंने का विरोधी दल पर हमला करते हुए कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, तब मप्र में सबसे ज़्यादा अपराध थे, हमारी सरकार ने 82 लाख के इनामी नक्सली को पकड़ा है, ओर आज आमजन मे पुलिस की छवि बदली है, आम लोगों की जान बचाने के लिए पुलिस जवान सड़को पर खड़ा रहा है। गृहमंत्री ने आगे कहा कि महिला थाना, महिला डेस्क की हमने स्थापना की है, एफआईआर आपके द्वार ई एफआईआर नवाचार किया है, जिससे पीडीता को काफी राहत मिली है।

कांग्रेस विधायक जयवर्धन ने सीएम और कृषि मंत्री को लिखा पत्र

खाद का कृत्रिम संकट पैदा किया जा रहा

किसानों पर लाठीचार्ज हो रहा, उन्हें पीटा जा रहा

भोपाल। गुना और अशोकनगर जिले सहित प्रदेश के कई जिलों में खाद का संकट जारी है। अभी भी किसानों को खाद की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। सरकार और प्रशासन खाद उपलब्ध होने का दावा तो कर रहे हैं, लेकिन वितरण केंद्रों पर खाद उपलब्ध ही नहीं है। पूर्व मंत्री एवं राघोगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने मुख्यमंत्री और प्रदेश के कृषि मंत्री को पत्र लिखकर खाद जल्द उपलब्ध कराने की मांग की है। पत्र में विधायक ने लिखा कि खाद का कृत्रिम संकट पैदा किया जा रहा है। वहीं किसानों पर लाठीचार्ज और मारपीट की घटनाएं हो रही हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को लिखे पत्र में जयवर्धन सिंह ने कहा कि प्रदेश में रबी सीजन की बुवाई प्रारंभ हो चुकी है। बुवाई प्रारंभ होने के उपरांत फसलों की बेहतर वातावरण के साथ-साथ खाद की आवश्यकता होती है। कृषि विभाग के पास जिलेवार संपूर्ण ब्यौरा है कि कहां पर कितनी मात्रा में कितने-कितने किसानोंको डीएपी उपलब्ध कराई जाना है। इसके बावजूद गुना एवं अशोकनगर जिले में डीएपी का कृत्रिम संकट उत्पन्न किया जा रहा है। कृत्रिम संकट को देखकर किसानों के चेहरे पर संकट की लकीरें दिखाई दे रही है। पत्र में जयवर्धन सिंह ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि गुना, अशोकनगर सहित संपूर्ण प्रदेश में जो डीएपी का कृत्रिम संकट का भ्रम फैलाकर विभाग के लोग साहूकारों, निजी खाद विक्रेताओं को अनुचित लाभपहुंचाने के उद्देश्य से ऐसा कर रहे है, उन पर तत्काल रोक लगाई जाए। प्रदेश के किसानों को जल्द से जल्द डीएपी उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधितों को प्रदान करने का अनुरोध किया है।

आर्यन खान को मिली जमानत, लेकिन शनिवार को हो पाएगी रिहाई

क्रूज ड्रग्स केस में करीब 24 दिन बाद आर्यन खान को हुई रिहाई नसीब

अरबाज मर्चेंट और मुनमुन धमेचा को भी हाई कोर्ट ने जमानत दी

मुंबई। क्रूज ड्रग्स केस में शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को जमानत मिल गई है। करीब 24 दिन बाद आर्यन खान को रिहाई नसीब हुई। आर्यन के साथ-साथ अरबाज मर्चेंट और मुनमुन धमेचा को भी बॉम्बे हाई कोर्ट ने जमानत दे दी है। जस्टिस नितिन सांबे की अदालत ने तीन दिन की लगातार सुनवाई के बाद गुरुवार को जमानत पर फैसला सुनाया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने तीनों आरोपियों- आर्यन, अरबाज और मुनमुन को जमानत दे दी। पूर्व अटॉर्नी जनरल मुकुल रोहतगी ने बॉम्बे हाई कोर्ट में आर्यन खान की पैरवी की थी, वहीं अरबाज मर्चेंट के लिए अमित देसाई और

मुनमुन धमेचा के लिए अली काशिफ खान ने जोरदार दलीलें दीं। कोर्ट में एनसीबी की तरफ से एएसजी अनिल सिंह ने आर्यन की जमानत का पुरजोर विरोध किया। लेकिन मुकुल रोहतगी ने अपने जोरदार तर्कों से आर्यन को जमानत दिलवा ही दी। हालांकि अभी बेल ऑर्डर की कॉपी नहीं आई है। और जब तक ऑर्डर की कॉपी नहीं आएगी, तब तक आर्यन, अरबाज और मुनमुन को रिहा नहीं किया जाएगा। गुरुवार को हुई सुनवाई में एएसजी अनिल सिंह ने जमानत का विरोध करते हुए कोर्ट में तर्क दिया कि आर्यन ड्रग्स का इंतजाम करते थे। वह कई सालों से ड्रग्स का सेवन करते आ रहे थे और इसके उनके पास सबूत भी हैं। एनसीबी ने आर्यन पर %कॉन्शस पजेशन% का भी आरोप लगाया और कहा कि वह एक साजिश का हिस्सा थे और इंटरनैशनल ड्रग तस्करी में भी शामिल थे। लेकिन मुकुल रोहतगी ने तर्क दिया कि जहाज पर 1300 लोग थे और उनमें से सिर्फ अरबाज और आर्यन के बीच ही कनेक्शन था। वहां कोई साजिश नहीं थी क्योंकि बाकी 1300 में कोई किसी को नहीं जानता था। ऐसे में न तो मन का मिलन हुआ और न ही कोई चर्चा हुई। ऐसे में साजिश का सवाल ही नहीं उठता। मुकुल रोहतगी ने कहा कि भले ही यह साबित करना मुश्किल है कि सबके मन मिले थे, लेकिन इस चक्कर में फैक्ट्स की अनदेखी नहीं की जा सकती। आर्यन खान की जमानत के लिए 28 और 29 अक्टूबर का दिन बहुत अहम माना जा रहा था। अगर आज या कल भी आर्यन को जमानत नहीं मिलती तो उन्हें दिवाली के बाद तक जेल में ही रहना पड़ता।

ज़रुरत हुई तो किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है भारत : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली। देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा भारत हमेशा शांतिप्रिय देश रहा है पर हम किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। चंडीगढ में %ट्रर्मिनल बैलिस्टिक रिसर्च लेबोरेटरी% के लोगों को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संबोधित किया। राजनाथ ने कहा कि किसी समय 2 कमरों से शुरू हुई यह लेबोरेटरी (टीबीआरएल) आज देश को महत्वपूर्ण रक्षा तकनीक और क्षमताएं प्रदान करने वाले लेबोरेटरी बन चुकी है। अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत हमेशा से एक शांतिप्रिय देश रहा है और आज भी है। किसी भी विवाद को अपनी तरफ़ से शुरू करना हमारे मूल्यों के ख़िलाफ़ है। अगर ज़रुरत होती है तो हमारा देश किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम कहते थे कि दुनिया में भय की जगह नहीं है। एक शक्ति ही दूसरी शक्ति का सम्मान करती है।

वन-टू-वन

दीपावली त्यौहार के चलते पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

मोहन मांझी
पुष्पांजली टुडे

गोहद -थाना प्रभारी बृजमोहन सिंह भदोरिया एवं उनके सभी हम फोर्स के साथ मो रोड़ से फ्लैग मार्च निकालते हुए इटावली गेट सदर बाजार पुराना बस स्टैंड सती बाजार गंज बाजार गोलबंर चौराहा होते हुए फ्लैग मार्च निकाला और नगर में शांति बनाए रखने का संदेश जारी किया त्यौहार दीपावली त्यौहार नजदीक होने के कारण बाजारों में भारी भीड़ चल रही है जिसके लिए थाने का प्रभार संभाल रहे बृजमोहन सिंह भदोरिया सब इंस्पेक्टर ने अपने साथी एम एल डोंगर एएसआई एचडी मिश्रा एएसआई मनोज शर्मा आरक्षक परशुराम रावत अनिल शर्मा आरक्षक सहित लगभग दो दर्जन पुलिसकर्मी एवं नगर रक्षा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

चंबल घाटी की शांति के अग्रदूत थे आदरणीय सुब्बा राव जी- डॉराधेश्याम शर्मा

उमाकान्त शर्मा भिण्ड
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। वरिष्ठ गांधीवादी विचारक आदरणीय सुब्बाराव जी के निधन पर शहर कांग्रेस भिंड ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया इस अवसर पर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा ने कहा

समाज सेवा के क्षेत्र उनकी कोई बराबरी नहीं कर सकता उन्होंने अपने छात्र जीवन से ही राष्ट्र पिता महात्मा गांधीजी के विचारों को धारण कर लिया था और असहयोग आंदोलन में सहयोग किया चंबल घाटी के 556 डकैतों को आत्मसमर्पण करा कर पूरे क्षेत्र में शांति के लिए काम किया एक बार वह विनोबा भावे जी के साथ सुरपुरा में भी डकैतों के आत्मसमर्पण कार्यक्रम में आए थे आज तक समाज सेवा के क्षेत्र में गरीब आदिवासियों के लिए काम कर रहे थे इसी के तहत में उन्होंने जोरा में गांधी आश्रम की स्थापना की। कार्यक्रम का संचालन नगर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ वीरेंद्र सिंह भदोरिया बुध सिंह कुशवाह संतोष त्रिपाठी रामजी लाल शाक्य अशोक गुप्ता प्रमोद दीक्षित,राजेंद्र यादव दीपचंद तिवारी पंकज दीक्षित बलराम जाटव राजू त्रिवेदी आनंद शांति स्वरूप शाक्य सूरज पाल सिंह कुशवाह संजय यादव सत्येंद्र सिंह कुशवाह सर्वेश यादव आदि कांग्रेसी उपस्थित थे।

भिंड जिले के मेहगांव कस्बे में ज्यादा मूल्य की दुकान जिला थोक के नाम की दुकान पर बड़े स्तर में भ्रष्टाचार 10 रुपए किलो 15 रुपए किलो में चावलों को बेचा जा रहा है सेल्समैन द्वारा बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार

दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर

आज का नया मामला मेहगांव जिला थोक की दुकान वार्ड नंबर 10 ओझा मोहल्ला मैं स्थित इस दुकान पर रात के अंधेरे में सेल्समैन द्वारा 10 रुपए किलो 15 रुपए किलो मैं चावल बेचे जा रहे हैं जोकि चावल एक रुपए किलो के हिसाब से गरीब जनता को वितरित करने के लिए आते हैं उसे रात के अंधेरा का फायदा उठाकर खुलेआम15 रुपए किलो में चावल बेच रहे हैं वहीं पर खड़े किसी शख्स ने वीडियो बनाया और उसने पूछा कितने रुपए किलो मैं चावल बेच रहे हो तो सेल्समैन श्याम बिहारी सिंह भदौरिया द्वारा बताया गया कि 15 रुपए किलो में हैं आपको लेना है क्या इस वायरल वीडियो के माध्यम से जानकारी मिलने पर जब सेल्समैन को पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट मना कर दिया मुझे इस बात के बारे में कोई जानकारी नहीं है जब सेल्समैन भ्रष्टाचार में लिप्त हैं तो वह क्या जवाब देंगे गरीबों के हक को15 रुपए किलो में खुलेआम बेचने वालों पर सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिए वायरल वीडियो में स्पष्ट दर्शाया जा रहा है कितनी दबंगी से सेल्समैन चावलों की बिक्री कर रहा है और किसी शख्स से बोल रहा है की 10 किलो चावल 50 रुपए में बेचने से क्या फायदा तो वहीं पर चावल तोल करने वाले शख्स को करैया महाराज कहकर बुला रहा है तो वही तोल कर रहे शख्स का कहना है की आपको ?50 और दिलवा दिए जाएंगे तो इससे यह स्पष्ट होता है 10 किलो चावल ?100 में 10 रुपए किलो के हिसाब से किसी शख्स को दिया है जिसके पास कोई बीपीएल कार्ड नहीं है अगर है तो रात के अंधेरे में क्यों क्योंकि यह तो नियम के हिसाब से एक रुपए किलो चावल और एक रुपए किलो में गेहूं गरीबी रेखा वाले शराज कार्ड धारियों को देने है जब रात के अंधेरे में माल बेचा जाएगा तो राशन कार्ड धारियों को पूरा माल कहां से मिलेगा इसलिए सेल्समैन श्याम बिहारी सिंह भदोरिया उर्फ गुड्डू पर सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिए जिससे गरीब परिवार का हक गरीब को मिल सके एक सरकारों की बात करें तो- एक ओर आम जनता का हमदर्दी बताते हैं परंतु कोई जहां भ्रष्टाचार होता है वहां किसी की कोई नजर नहीं जाती ना ही कोई कहना सुनना चाहता है वैसे कहने के तो प्रधानमंत्री योजना और मुख्यमंत्री योजना पर भ्रष्टाचार पर कोई योजना क्यों नहीं क्यों आला अधिकारी इस और नहीं दे रहे है क्यों सेल्समैन को इतना बढ़ावा दिया गया है

सेल्समैन श्याम बिहारी सिंह भदोरिया

इनसे पूछा गया तो

इनका कहना है मुझे इस बारे में कुछ मालूम नहीं है फूड विभाग अधिकारी मेहगांव- इनसे पूछा गया तो इनका कहना है आपके द्वारा अवगत कराया गया मैं उस पर जांच कर उचित कार्रवाई करूंगा

अफगानिस्तान पर बड़ी जीत के इरादे से उतरेगा पाकिस्तान

दुबई। टी20 विश्व क्रिकेट के अपने पहले दो मैचों में शानदार जीत से उत्साहित पाकिस्तान की टीम शुक्रवार को अफगानिस्तान से खेलेगी। टी20 विश्व कप सुपर 12 के ग्रुप दो के इस मुकाबले में पाक टीम जीत की प्रबल दावेदार के तौर पर उतरेगी। उसने पहले मैच में भारत को जबकि दूसरे मैच में न्यूजीलैंड को हराया था। इससे उसका मनोबल बढ़ा है। पाक टीम के बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनो ने ही पहले दोनो मैचों में शानदार लय दिखायी ओर ऐसे में वह इस तीसरे मैच में जीत का सिलसिला बरकरार रखना उतरेगी।

कप्तान बाबर आजम की पाक टीम इसके बाद भी अफगानिस्तान को हल्के में नहीं ले सकती है क्योंकि उसके पास राशिद खान और मुजीब-उर रहमान जैसे विश्वस्तरीय स्पिनर हैं जो कभी भी हालात बदल सकते हैं। अफगानिस्तान के बल्लेबाजों ने पिछले मैच में स्कॉटलैंड के गेंदबाजों की जमकर पिटाई की थी हालांकि पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों के सामने अफगानिस्तान के बल्लेबाजों के लिए खेलना आसान नहीं रहेगा। टीम के पास हज़रतुल्लाह ज़ज़ई, रहमानुल्ला गुरबाज़ और नजीबुल्लाह जादरान जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। अफगानिस्तान की टीम के पास राशिद और मुजीब जैसे स्पिनर हैं जो किसी भी बल्लेबाज पर अंकुश लगा सकते हैं। उसके बल्लेबाज हालातों के अनुसार रणनीति बना सकते हैं। उनमें जज्बे की कमी नहीं है पर उन्हें बड़े मैचों का दबाव झेलने का अनुभव नहीं है। जिस तरह से पाक के तेज गेंदबाजों शाहीन शाह अफरीदी, हसन अली और हारिस रऊफ ने अब तक विरोधी टीम के बल्लेबाजों को परेशान किया है उससे यह तय है कि अफगानिस्तान के बल्लेबाजों के लिए यह मुकाबला आसान नहीं रहने वाला। पाक के पास मोहम्मद हफीज, इमाद वसीम और शादाब खान जैसे अच्छे स्पिनर हैं जिससे अफगानिस्तान के लिये चुनौती बेहद कड़ी हो गयी है। ऐसे में अफगानिस्तान को अगर यह मैच जीतना है तो उसके गेंदबाजों को पाक बल्लेबाजों पर शुरु से ही दबाव बनाना होगा। पाकिस्तान के पास कप्तान आजम और मोहम्मद रिजवान के अलावा फखर जमां और मोहम्मद हफीज जैसे अनुभवी बल्लेबाज हैं जो किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर सकते हैं।

बार्सिलोना ने कोच कोमैन को हटाया

बार्सिलोना। दिग्गज स्पेनिश फुटबॉल क्लब बार्सिलोना ने अपनी टीम के खराब प्रदर्शन को देखते हुए अपने मुख्य कोच रोनाल्ड कोमैन को बर्खास्त कर दिया है। स्टार खिलाड़ी लियोनेन मेसी के क्लब से जाने के बाद से ही बार्सिलोना को लगातार हार का सामना करना पड़ा है उसी की गाज अब कोच पर गिरी है। मेसी और कुछ अन्य दिग्गज खिलाड़ियों के जाने के बाद से ही बार्सिलोना की हालत खराब रही है। ऐसे में रायो वालेकानो क्लब के हाथों 1-0 से मिली हार के तत्काल बाद कोमैन को हटा दिया गया। इससे पहले रियाल मैड्रिड के हाथों भी उसे 2-1 से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं बार्सिलोना के कप्तान सर्गियो बासक्वेट्स ने कोच का बचाव करते हुए कहा कि टीम की हार के लिए केवल कोमैन को दोषी नहीं माना जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम सभी टीम के खराब प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार हैं। बार्सिलोना के स्पेनिश लीग में अभी 10 मैचों में केवल 15 अंक हैं और वह काफी नीचे नौवें स्थान पर है। टीम ने इस सत्र में जो पांच मैच हारे हैं उनमें चैंपियन्स लीग में बायर्न म्यूनिख के हाथों मिली 3-0 की हार भी शामिल है।

नस्लवाद विरोधी मुहिम के लिए घुटने के बल बैठने तैयार हैं : वार्नर

दुबई। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने कहा है कि नस्लवाद के खिलाफ जारी मुहिम के समर्थन में उनकी टीम टी20 विश्व कप के अपने मैचों के दौरान घुटने के बल बैठने के लिए तैयार है। वहीं इससे पहले दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज क्वींटन डिकॉक ने वेस्टइंडीज से मुकाबले के दौरान घुटने के बल बैठने से इंकार कर दिया था। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने अपनी टीम को निर्देश दिया था कि सभी खिलाड़ी वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे मैच की शुरुआत से पहले घुटने के बल बैठेंगे। डिकॉक ने घुटने पर बैठने की जगह टीम से बाहर जाना सही समझा। वार्नर की तरह ही डिकॉक भी दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज हैं और टीम के लिए अहम भूमिका निभाते हैं। वार्नर ने कहा, ''मैं दक्षिण अफ्रीका प्रशासन के अपनी टीम को घुटने के बल बैठने का निर्देश देने पर कुछ नहीं कहूंगा।

द्रविड़ का मुख्य कोच बनना तय : गावस्कर

मुम्बई। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा है कि राहुल द्रविड़ के भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद के लिए आवेदन करने से उन्हें खुशी हुई है। गावस्कर के अनुसार द्रविड़ के पास जितना अनुभव है और जिस स्तर के वह खिलाड़ी हैं उसको देखते हुए उनका चयन अब केवल औपचारिकता भर है, ऐसे में किसी अन्य को इस पद के लिए आवेदन देने की जरुरत नहीं है। द्रविड़ ने अंतिम दिन कोच पद के लिए आवेदन दिया था। अभी द्रविड बेंगलोर स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) के प्रमुख हैं। गावस्कर ने कहा कि बिना किसी संदेह के उन्हें कोच बनाया जाना चाहिए। साथ ही कहा कि अब किसी और को आवेदन करना की जरुरत नहीं है। जिस तरह से द्रविड़ ने अंडर-19 टीम को संभाला और निखारा है और एनसीए में जिस तरह का उनका कामकाज रहा है, उससे कोच के तौर पर उनकी क्षमताओं का पता चलता है। वह ना केवल मैदान पर बल्कि, प्रशासनिक कामों में भी काफी कुशल हैं। इसीलिए मुझे लगता है कि उनका चयन लगभग तय है और उनका कोच पद के लिए आवेदन करना अब केवल एक औपचारिकता भर है। वहीं गावस्कर के अलावा मदन लाल भी द्रविड़ को टीम इंडिया का कोच बनाए जाने के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा कि इससे अच्छी बात नहीं हो सकती है। वो स्वयं जमीनी स्तर से उठकर यहां तक पहुंचे हैं. ऐसे में उनसे बेहतर कोई उम्मीदवार नहीं हो सकता है. वो शांत रहते हैं और टीम को एकसाथ जोड़े रखने की काबिलियत रखते हैं। द्रविड़ को इसी साल जुलाई में श्रीलंका दौरे पर गई टीम इंडिया का अंतरिम कोच बनाया गया था. इस दौरे पर युवा खिलाड़ियों से सजी नई टीम इंडिया ने वनडे सीरीज जीती थी।

पांड्या ने किया गेंदबाजी का अभ्यास, न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलने की संभावनाएं बढ़ीं

दुबइ। टीम इंडिया के अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या काफी समय के बाद गेंदबाजी का अभ्यास करते नजर आये हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि वह फिट हो गये हैं और न्यूजीलैंड के खिलाफ 31 अक्टूबर को उनके खेलने की भी संभावनाएं हैं। पांड्या को अगर टीम में चुना जाता है तो भारत की छठे गेंदबाज की कमी पूरी हो जाएगी। भारत को सुपर 12 के शुरूआती मैच में पाकिस्तान से मिली करारी हार के बाद अब सेमीफाइनल के लिए अपनी संभावनाएं बरकरार रखने के लिए किसी भी हाल में न्यूजीलैंड को हराया होगा। अब तक हार्दिक गेंदबाजी नहीं कर पा रहे थे जिससे टीम का संतुलन बिगड़ गया था। हार्दिक ने अंतिम बार जुलाई में श्रीलंका श्रृंखला में गेंदबाजी की थी और मुंबई इंडियंस के लिए इंडियन प्रीमियर लीग में खेलते हुए उन्होंने एक भी ओवर नहीं किया था। वहीं पाक के खिलाफ मैच में बल्लेबाजी करते हुए हार्दिक के कंधे में भी चोट लग गई थी जिसका स्कैन भी कराया गया। हार्दिक ने स्ट्रेंथ एंव कंडिशनिंग कोच सोहम देसाई और फिजियो नीतित पटेल के मार्गदर्शन में 'फिटनेस ड्रिल की। इसके बाद उन्होंने नेट पर भुवनेश्वर कुमार और शारदुल ठाकुर को करीब 20 मिनट तक गेंदबाजी की। भारतीय टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री और मेंटोर महेंद्र सिंह धोनी भी इस दौरान मैदान पर ही थे। हार्दिक ने गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ से श्रोडाउन का सामना किया।

फ्यूचर रिटेल एसआईएसी के आदेश के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट पहुंची

नई दिल्ली। फ्यूचर रिटेल और उसके प्रवर्तकों ने सिंगापुर के मध्यस्थता न्यायाधिकरण एसआईएसी द्वारा रिलायंस रिटेल के साथ उसके 24,713 करोड़ रुपए के सौदे पर रोक लगाने संबंधी आदेश पर स्थगन और उसे निरस्त करने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया है। सिंगापुर अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र (एसआईएसी) ने 21 अक्टूबर को फ्यूचर रिटेल लिमिटेड (एफआरएल) की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें रिलायंस के साथ सौदे पर पिछले साल 25 अक्टूबर को एसआईएसी के आपात मध्यस्थ (इमरजेंसी आबिट्रेटर) द्वारा लगाई गई अंतरिम रोक को हटाने की मांग की गई थी। एफआरएल ने एक नियामकीय सूचना में कहा ?कि कंपनी ने 25, अक्टूबर 2020 के आपात मध्यस्थ के अंतरिम आदेश को खारिज करने के लिए अपने आवेदन पर एसआईएसी द्वारा 21 अक्टूबर, 2021 को जारी आक्षेपित आदेश के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की है। एफआरएल ने उच्च न्यायालय से 21 अक्टूबर 2021 के आक्षेपित आदेश के पालन पर रोक लगाने और उसे निरस्त करने तथा वैकल्पिक रूप से कंपनी को शेयरधारकों और लेनदारों की बैठक करने की मंजूरी देने का अनुरोध किया है, जैसा कि एनसीएलटी (राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण) मुंबई द्वारा 28 सितंबर के आदेश में कहा गया था। इससे पहले इस महीने एसआईएसी ने अपने एक फैसले में यह भी कहा था कि रिलायंस रिटेल के फ्यूचर ग्रुप की संपत्तियों की बिक्री से जुड़े विवाद में अमेजन और फ्यूचर ग्रुप के बीच चल रही मध्यस्थता में फ्यूचर रिटेल एक पक्ष है। फ्यूचर ने एसआईएसी के समक्ष तर्क दिया था कि उसे मध्यस्थता की कार्यवाही से बाहर रखा जाना चाहिए क्योंकि वह अपने प्रवर्तक फ्यूचर कूपन प्राइवेट लिमिटेड (एफसीपीएल) और अमेजन के बीच विवाद का पक्ष नहीं है।

राशन की दुकान पर मिलेगा एलपीजी सिलेंडर

नई दिल्ली।) अब आपको गैस सिलेंडर के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। जल्द ही राशन की दुकानों से गैस सिलेंडर खरीद सकेंगे। केंद्र सरकार किराना दुकानों के जरिए छोटे एलपीजी सिलेंडर को बेचने और यहां तक कि वित्तीय सेवाओं मुहैया कराने पर विचार कर रही है। जानकारी के मुताबिक सरकारी राशन की दुकानों को वित्तीय रूप से अधिक व्यवहारिक बनाने के लिए फूड सेक्रेटरी सुधांशु पांडे ने हाल ही में विभिन्न राज्य सरकारों के अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की थी, जिस दौरान इन प्रस्तावों को रखा गया। इलेक्ट्रॉनिक एंड आईटी, फाइनेंस और पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस मंत्रालय के अधिकारी भी इस बैठक में शामिल थे। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, साथ ही सीएससी ईगवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के अधिकारी भी इस बैठक में उपस्थित थे। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के प्रतिनिधियों ने सरकारी राशन की दुकानों के जरिए छोटे एलपीजी सिलेंडरों की खुदरा बिक्री के प्रस्ताव की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव पर इच्छुक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उनकी तरफ से इस प्रोजेक्ट के लिए आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। सरकारी राशन की दुकानों के जरिए वित्तीय सेवाएं की बिक्री के प्रस्ताव पर, डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज के प्रतिनिधियों ने बताया कि इच्छुक राज्यों के साथ कोऑर्डिनेट करके इसके लिए आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी।

भारत में स्नैपचैट के मासिक उपयोगकर्ता 10 करोड़ के पार

नई दिल्ली। फोटो-मैसेजिंग ऐप स्नैपचैट ने कहा कि देश में उसका मासिक उपयोगकर्ता आधार 10 करोड़ तक पहुंच गया है। कंपनी ने कहा है कि वह भारतीय सृजनकर्ताओं के समुदाय को अधिक संसाधन मुहैया कराने की दिशा में अपने प्रयासों को जारी रखेगी। स्नैपचैट की मूल कंपनी स्नैप इंक ने वर्चुअल तरीके से स्नैप इन इंडिया के दूसरे संस्करण का आयोजन किया। कार्यक्रम में स्नैप के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) इवान स्पीगल ने भारत में मासिक रूप से स्नैपचैट के प्रयोगकर्ताओं की संख्या 10 करोड़ तक पहुंचने की घोषणा की। उन्होंने कहा ?कि हमने भारतीय समुदाय के लिए स्नैपचैट के अनुभव को स्थानीय बनाने के लिए महत्वपूर्ण निवेश किया है। हमने सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक सामग्री को जोड़ा है, अत्यधिक सक्रिय और रचनात्मक स्थानीय समुदाय विकसित किया है और स्थानीय उत्पादों, विपणन पहल और भाषा सहयोग में निवेश किया है। स्पीगल ने उल्लेख किया कि भारतीय स्नैपचैटर्स के लिए एक स्थानीय अनुभव लाने के इन प्रयासों ने कंपनी को मील के पत्थर तक पहुंचने में मदद की है।

जि. प. मुख्यकार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार ने ली समीक्षा बैठक

रितेश कटरे ब्युरो चीफ
पुष्पांजलि टुडे बालाघाट

जिले की जनपद पंचायत लांजी में 27 अक्टुबर को जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार के द्वारा जनपद लांजी पंहुचकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समस्त योजनाओ की जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में ली की गई, जिसमें सभी अधिकारी/ कर्मचारी, सचिव/ ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे। कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है- मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा सर्वप्रथम कार्यालय जनपद पंचायत लांजी में विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के रजीत सिंह तारा जनपद सीईओ लांजी, चुमेन्द्र मरठे, डा.ए.आ., प्रकाश मेश्राम, डा.ए.आ. महेश मेश्राम, डा.ए.आ. मनरेगा, नंदकिशोर लिल्हारे, डा.ए.आ. आवास, पुरषोत्तम आसटकर, डा.ए.आ. एवं मोहित शर्मा, समग्र सामाजिक सुरक्षा अधि0 से संबंधित योजनाओं की जानकारी ली गई। उक्त निरीक्षण के दौरान श्री प्रकाश मेश्राम, डा0ए0आ0 (संबल) से संबंल के विगत दिनो में दर्ज आवेदनों की ऑनलाईन प्रकरण के बारे में जानकारी ली गई। जिसमें कि ग्राम पंचायत सावरीखुर्द के आवेदन राजाराम फुल्हारे के अनुगृह सहायता राशि के प्रकरण लंबित रहने के संबंध में कारण पुछा गया एवं डीएससी के जावा पोर्टल पर अपलोड न होने की दिक्कत को दूर न करने के संबंध में श्री निर्भय नरताम एजीएमपी को 02 दिवस अवैतनिक करने एवं कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। उक्त संबंल प्रकरण में ग्राम पंचायत सचिव सावरीखर्द द्वारा प्रकरण जमा किए जाने एवं शाखा प्रभारी द्वारा प्रकरण जमा नही किए जाने बताया जाने पर शाखा प्रभारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए साथ ही सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत सावरीखुर्द को 02 दिवस अवैतनिक करने के निर्देश दिए गए। (कार्यवाही प्रचलन में है।)

ब्लॉक समन्वयक , प्रधानमंत्री आवास को अपनी योजना से संबंध में सम्पूर्ण जानकारी नही रखने एवं गोल-मोल जवाब प्रस्तुत करने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बालाघाट द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई, एवं इन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर माह अक्टूबर 2021 से 05 दिवस अवैतनिक एवं माह अक्टूबर 2021 की वेतन रोकने के निर्देश दिये गये। (कार्यवाही प्रचलन में है।)

सभी सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायको को जलकर, स्वच्छता कर, संपत्ति कर एवं प्रकाश कर वसूली की कार्यवाही स्वसहायता समूह के माध्यम से कराई जाकर ऑनलाईन फि ड करने के निर्देश दिये गये। (सचिव/ग्राम रोजगार सहायक समस्त)

स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत सभी कार्यो के जियोटेग करने के निर्देश दिए गए, एसएलडब्ल्यूएम में वर्ष 2017-18 के बाद के सभी जियोटेग आगामी 02 दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, तथा एसएलडब्ल्यूएम के सभी कार्य सेगरीगेशन शेड, सोखता गढढा, नाडेप, ओटला तथा नाली निर्माण कार्य व अन्य कार्य सभी पंचायतों में लगातार चलते रहने के निर्देश दिए गए, जनपद पंचायत लॉजी में ओडीएफ प्लस हेतु समस्त ग्राम पंचायतो में स्वच्छता की समस्त गतिविधियों को अनवरत चालू रखने के निर्देश दिए गए तथा जन जागरूकता अभियान हेतु गतिविधियों के संचालन हेतु प्रति जनपद 10-10 लाख रू0 की राशि जारी की गई है, जिनमें व्यय की कार्यवाही तत्काल चालू करने के निर्देश दिए गए। (सचिव/ग्राम रोजगार सहायक समस्त) ग्राम रोजगार सहायक पौसेरा, संजय बंशपाल को 20 दिवस अवैतनिक, 03. ग्राम रोजगार सहायक डोरली, पवन पिप्लारे को 02 दिवस अवैतनिक तथा ग्राम रोजगार सहायक बिसोनी श्री मिथलेश यादव को लेबर बजट एचीवमेंट की प्लानिंग पता नही होने एवं न्यूनतम प्रगति के कारण सेवा समाप्ति का प्रस्ताव जिला पंचायत भिजवाने हेतु मुख्य कार्य.अधिकारी, जनपद लॉजी को निर्देशित किया गया। (कार्यवाही प्रचलन में है।) नरेन्द्र गजभिये , ग्राम रोजगार सहायक आवा को आवास कार्यो के संबंध में लापरवाही, गोलमोल जवाब प्रस्तुत करने से कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने तथा 01 दिवस अवैतनिक करने के निर्देश दिए गए। 02. सचिव श्री सुनील मानापुरे एवं 03. इन्द्रकुमार टिकेश्वर, ग्राम पंचा0 नेवरवाही को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने 04. महेन्द्र बागड़े सचिव एवं भुमेश्वर टिकेश्वर, ग्रा.रो.सहा. ग्राम पंचायत कंसुली को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 02 दिवस अवैतनिक करने के निर्देश दिए गए।

संक्षिप्त समाचार

ग्राम विलाव में पूर्व विधायक ने किया पौधरोपण

भिण्ड। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम विलाव में वन विभाग द्वारा गुरुवार को पौधरोपण किया गया। वन विभाग के कर्मचारियों को ग्रामीणों को फलदार पौधों का वितरण भी किया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि के रूप में पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह मुख्य रूप से मौजूद रहे। जिन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने बताया कि पेड हमारे जीवन का आधार है, वृक्षों के बिना न तो जीवन संभव है न जमीन सुरक्षित है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा पेडो को लगाए जिससे प्रकृति का संतुलन बना रहे। इस अवसर पर रेजर वन विभाग के अलाव सरपंच व सचिव समेत गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

हारजीत का दांव लगाते हुए जुआरी गिरफ्तार

भिण्ड। गोरमी थाना क्षेत्र के अकलोनी के हार में जुआरी दांव लगा रहे थे, जिसकी सूचना पुलिस को मिलते ही दबोचकर हिरासत में लिया और उनके पास से एक ताश की गड्डी व नगदी जब्त की। पुलिस ने आरोपीगणों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार बुधवार शाम 5.53 बजे जुआरी नीतू पुत्र जयकरण भदौरिया निवासी प्रतापपुरा गोरमी, बच्चन पुत्र प्रहलाद नरवरिया को जुआ खेलते हुए क्षेत्र के ग्राम अकलोनी से दबोच लिया और उनके पास से एक ताश की गड्डी सहित 5 हजार 150 रुपये की नगदी जब्त की। पुलिस ने आरोपीगणों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

18 क्वार्टर अवैध शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

भिण्ड। फूप थाना क्षेत्र के ग्राम सिरपुरा रोड भीमपुरा मोड के पास एक युवक अवैध शराब की बिक्री कर रहा था, जिसकी सूचना मिलते ही दबोचकर हिरासत में लिया और उसके पास से अवैध शराब की जब्ती की। पुलिस ने आरोपीगणों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार बुधवार शाम 7.45 बजे बनवारी पुत्र रामस्वरुप निवासी लाक्षूसिंह पुरा जो क्षेत्र के सिरपुरा रोड भीमपुरा में अवैध रूप से अवैध शराब की बिक्री कर रहा था, जिसे हिरासत में पुलिस ने लिया और उनके पास से 18 क्वार्टर देशी प्लेन जब्त किये जिसकी कीमत 1800 रुपये बतायी जा रही है। पुलिस ने आरोपीगणों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

गाड़ी पार्क करने के ऊपर दो पक्षों में विवाद

भिण्ड। कोतवाली थाना क्षेत्र के झांसी मोहल्ला में गाड़ी पार्क करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया, एक दूसरे को गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपीगणों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार बुधवार शाम 7.45 बजे विजय पुत्र बालकृष्ण सोनी निवासी झांसी मोहल्ला ने बताया गाड़ी पार्क करने को लेकर उसी मोहल्ला निवासी विकास सोनी, अजय, विवेक, मयंक, ऊषा सोनी ने एकराय होकर मारपीट कर दी। इसी तरह दूसरे पक्ष के फरियादी विकास पुत्र महेश सोनी निवासी झांसी मोहल्ला ने बताया विजय, रामसेवक, पूरन, अजय ने भी उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने दोनों की फरियाद पर क्रॉस प्रकरण दर्ज कर लिया है।

विस्फोटक सामग्री बिक्री करते हुए युवक गिरफ्तार

भिण्ड। रौन थाना क्षेत्र के ग्राम गांद में एक युवक विस्फोटक सामग्री बिक्री कर रहा था सूचना मिलते ही दबोचकर हिरासत में लिया और उसके पास से लगभग 20 हजार रुपये की पटाखे जब्त किये। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार गुरुवार सुबह 11.30 बजे ईशव पुत्र मनीष खां निवासी गांद जो गांव में अवैध रूप से बिना लायसेंस के पटाखे बिक्री कर रहा था, सूचना मिलते ही दबोचकर हिरासत में लिया और उसके पास से विस्फोटक सामग्री जब्त की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

कृषक संगोष्ठी एवं परिचर्चा का हुआ आयोजन

भिण्ड । परियोजना संचालक आत्मा योजना अंतर्गत आजादी के अमृत महोत्सव पर विकासखंड मेहगांव के मंडी परिसर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मेहगांव केवी विवेक की उपस्थिति में कृषक संगोष्ठी एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार मेहगांव आरएन खरे, वरिष्ठ वैज्ञानिक रूपेंद्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक संजय सिंह एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक एनडी भदोरिया कृषि विज्ञान केंद्र लहार, एसडीओ अभिमन्यु पांडे एवं भास्कर जोशी, बीटीएम आत्मा एवं विष्णु कुमार शर्मा सहायक तकनीकी प्रबंधक आत्मा सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2021 हेतु पंचायत निर्वाचन की रूपरेखा तैयार करने हेतु नोडल अधिकारियों की बैठक सम्पन्न

भिण्ड । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2021 हेतु पंचायत निर्वाचन की रूपरेखा तैयार करने हेतु नोडल अधिकारियों की बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई है। इस दौरान एडीएम प्रवीण फुलपगारे, संयुक्त कलेक्टर वरुण अवस्थी, डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन महेश बड़ोले, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदय सिंह सिकरवार सहित समस्त नोडल अधिकारी तथा समस्त रिटर्निंग ऑफीसर पंचायत उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्चाचन डॉ सतीश कुमार एस ने त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021 के अन्तर्गत नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है तथा संबंधित नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि नोडल अधिकारियों को जो कार्य सौपे गये हैं वे अपने अधीनस्थ स्टॉफ का सहयोग लेकर निर्वाचन कार्य सम्पन्न करायें। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने जिन अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाकर कार्य सौपे गये हैं उनमें अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे को कानून एवं व्यवस्था, आदर्श आचरण संहिता का क्रियान्वयन, संयुक्त कलेक्टर वरुण अवस्थी को मतदान दल गठन, प्रशिक्षण, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अब्दुल गफ्फार को शिकायतों की मॉनीटरिंग, वरिष्ठ लेखाधिकारी जिला पंचायत लक्ष्मीकांत अवस्थी को सांख्यकी आंकड़ों का प्रबंधन एवं व्यय लेखा, सहायक संचालक जनसंपर्क अरूण शर्मा को मीडिया मेनेजमेंट, जिला कोषालय अधिकारी हरनारायण मिश्रा को मतपत्रों का प्रबंधन, जिला पेंशन अधिकारी गजेन्द्र बाथम को वित्तीय प्रबंधन एवं निगरानी मानदेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जेके जैन को मतदान केन्द्रों पर व्यवस्था प्रबंधन, सेंस, प्रबंधक ई-गवर्नेंस सौरभ उपाध्याय को कम्युनिकेशन प्लान प्रबंधन एवं मतदान केन्द्रों पर वीडियोग्राफी एवं कैमरा की व्यवस्था, अधीक्षक भू अभिलेख महेन्द्र गुप्ता को सामग्री प्रदाय एवं वापसी प्रबंधन, अनुविभागीय अधिकारी भिण्ड उदयसिंह सिकरवार को परिवहन प्रबंधन, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी राहुल मीणा को आईटी प्रबंधन, सहायक अधीक्षक भू अभिलेख मुन्नासिंह गुर्जर को रूटचार्टभ्जोनचार्ट, जिला आबकारी अधिकारी अमरसिंह सिसोदिया को प्रेक्षक व्यवस्था, जिला शिक्षा अधिकारी हरिभुवन सिंह तोमर को मतगणना, प्रबंधक लोक सेवा गारंटी भानु प्रजापति को आयोग के प्रोग्राम, आईईएमएस एवं आईपीआईएस में ऑनलाईन प्रवृष्टि, कार्यपालन यंत्री आरईएस आलोक तिवारी एवं कार्यपालन यंत्री जल संसाधन हरिशंकर शर्मा को आयोग के निर्देशानुसार ईव्हीएम प्रबंधन एवं मशीनों की एफएलसी कराना, प्रथम एवं द्वितीय रेण्डमाईजेशन एवं कमीशनिंग उपरांत मशीनें रिटर्निंग ऑफीसरों को उपलब्ध कराना, डीएमएम बेटरियों की जांच एवं कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग भिण्ड केके शर्मा को समस्त स्टॉग रूम व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है।

देहात पुलिस की बड़ी कार्यवाही: तीन दिवस के अन्दर 05 स्थायी वारंटियों व 18 गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़ा

भिण्ड। एसपी मनोज सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार के निर्देशन में 20 दिसम्बर से पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाये जा रहे स्थायी व गिरफ्तारी वारंटियों के धरपकड़ अभियान के तहत थाना प्रभारी थाना देहात निरी. रामबाबू सिंह यादव के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा ताबडतोड दबिश देकर स्थायी व गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़ा जा रहा है। अभियान के दौरान पिछले तीन दिवस के अन्दर ही थाना देहात पुलिस द्वारा 05 स्थायी वारंटियों व 18 गिरफ्तारी वारंटियों तथा तीन ईनामी बदमाशों को पकड़ा गया। उक्त सराहनीय कार्य में निरी रामबाबू सिंह यादव, उनि बीरेन्द्र सिंह यादव, उनि कौशलेन्द्र गुर्जर, उनि बृजेन्द्र सिंह तोमर, प्रआर गुरूदास सोनेन्द्र सिंह, मृगेन्द्र जादौन, चतुर सिंह आर सुमित तोमर, सन्दीप राजावत ज्ञानेन्द्र मिश्रा राहुल यादव, अनूप यादव राहुल शुक्ला की महत्वपूर्ण भूमिका रही

बीस हजार रूपये के तीन ईनामी फरारी बदमाशों को दबोचा : थाना देहात निरीक्षक रामबाबू सिंह यादव द्वारा लगातार थाना क्षेत्र में अपराधियों पर शिकंजा कसा जाकर करीब 28 अवैध हथियार लेकर घूमने वालों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया है। इसी तारतम्य में थाना पावई के के हत्या प्रयास के प्रकरण में 05 हजार रूपये का ईनामी फरारी आरोपी प्रमोद उर्फ अजय कुमार बोहरे उम्र 48 साल नि0 ग्राम रिदौली थाना पावई जिला भिण्ड को एक 315 बोर का कटटा मय जिन्दा राउण्ड के साथ तथा थाना बरोही के हत्या के प्रकरण में 10 हजार रूपये का ईनामी फरारी आरोपी बन्टी उर्फ प्रदीप शर्मा पुत्र श्रीनारायण शर्मा नि0 रामनगर बम्बा का किनारा भिण्ड को एक 315 बोर का कटटा मय दो जिन्दा राउण्ड के पकड़ा गया । वहीं थाना देहात भिण्ड के अप.क. 323, 13 294, एमपीडीपीके 506, एक्ट 543/19 भादवि, धारा 395, 354, 327, 7/18 पॉक्सों में पिछले दो वर्ष से एक्ट फरार 11, 05 हजार रूपये का ईनामी आरोपी अशीष गुप्ता पुत्र जयप्रकाश गुप्ता नि0 तपोवन कालोनी भिण्ड को गोहद बस स्टैण्ड से गिरफ्तार किया गया। उक्त सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी देहात निरी रामबाबू सिंह यादव उनि बीरेन्द्र सिंह यादव, उनि कौशलेन्द्र सिंह गुर्जर, प्रआर गुरुदास, मृगेन्द्र जादौन, सोनेन्द्र राजावत आर रायसिंह, सुभाष तोमर, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, सन्दीप राजावत, संजीव पाराशर, पवन पाण्डेय, दीपक जादौन, राहुल शुक्ला की सराहनीय भूमिका रही।

हाईटेंशन लाइन का खंभा हुआ टूटकर हुआ तिरछा, हो सकता है बड़ा हादसा घटित

भिण्ड। जिले से लगभग 20 किलो मीटर दूर फूप कस्बा क्षेत्र के विडंवा गांव में भोनपुरा से छुछरी मार्ग के बीच बरसात के समय हाईटेंशन लाइन का खम्भा टूटने तिरछा हो गया है जिससे बड़ा हादसा घटित हो सकता है इसकी शिकायत ग्रामीणों ने बिजली कंपनी के अधिकारियों को मौखिक रूप से कईबार बताया, जिसके बाद भी क्षेत्र के बिजली कर्मचार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है और इस मार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में वाहन सहित लोग पैदल गुजरते हैं यहां तक की मवेशी दिनभर धमा चौकड़ी मचाते हैं किसी दिन बड़ा हादसा घटित हो सकता है ज्ञात हो कि हाल ही में ऊमरी क्षेत्र के अमरसिंह के पुरा में 11 हजार केव्ही लाइन का तार झूलने से एक परिवार के तीन लोग उसकी चपेट में आकर मौत के काल में समा गये थे, इतना ही नहीं उनकी दो बैलों की भी मौत हो गई थी, क्योंकि 11केवी के तार जमीन से चार से पांच फीट ऊंचाई पर झूल रहे थे, इसलिए एक बड़ा हादसा घटित हुआ, जिसके बाद एक बिजली अधिकारी एई को सस्पेंट कर दिया गया था, जिसके बाद फूप क्षेत्र में इस तरह से लाइन का खंभा टूटा हुआ है और हादसा हो सकता है फिर भी कंपनी के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जर्जर और तिरछे खड़ा खंभा टूट गया तो कभी भी बड़ा हादसा घटित हो सकता है खास बात यह है कि बिजली अधिकारी जानकार भी अनजान बने हुए है, शायद किसी हादसे का फिर से इंतजार कर रहे हैं। हादसों से बचाव के लिए टूटे खंभे को बदलने के लिए ध्यान नहीं है। तार बंधे होने के कारण ही यह खंभे अभी तक खड़ा हैं। तेज हवा, फॉल्ट में तार टूटने पर कभी भी ये खंभे गिर सकता हैं और वाहनों की आवाजाही रहती है। खंभा गिरने की स्थिति में बड़ा हादसा हो सकता है। ये खंभे पिछले कई माह से क्षतिग्रस्त हालत में हैं। इनमें सुधार के लिए बिजली विभाग की ओर से कोई कोशिश नहीं की गई। बिजली कंपनी की एकबार फिर से लापरवाही सामने आ सकती है।

शहर में बनेगा बिजली उपभोक्ताओं के लिए नया जोन

जोन बनाने के लिए बिजली अधिकारियों ने तैयार कर रहा है मास्टर प्लान

भिण्ड। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने शहरी क्षेत्र में एक नया जोन बनाए जाने का प्रस्ताव तैयार किया है। यदिप सब कुछ ठीक रहा तो यह प्रस्ताव जल्द स्वीकृति कर लिया जाएगा। फिलहाल कागजी मासौदा तैयार करके भोपाल स्थित एमडी ऑफिस में भेज दिया गया है। शहर में बिजली सप्लाई व्यवस्था सुधारे जाने को लेकर बिजली अफसरों ने पहल शुरू कर दी है। शहर में हर साल बिजली उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ती जा रही है। अब तक शहरी उपभोक्ताओं आइटीआइ और वाटर बॉक्स जोन ऑफिस से उपभोक्ताओं की समस्या को सुना जाता था। उपभोक्ताओं को कनेक्शन दिए जाते थे और बिजली संबंधी समस्याओं का निराकरण होता था। ऐसे में संधारण कार्य या मेंटेनेंस वर्क के दौरान शहर की आधी आबादी प्रभावित होती थी। ऐसे में बिजली अफसर उपभोक्ताओं को बाधा रहित बिजली दिए जाने की तैयारी में है। वे नया जोन बीटीआई यानी बस स्टैंड जोन तैयार करने जा रहे है। इसके लिए प्रस्ताव तैयार करके भोपाल स्थित बिजली कंपनी के एमडी ऑफिस में भेजा जा चुका है।

शहरी क्षेत्र में 39 हजार से अधिक उपभोक्ता

शहरी क्षेत्र में वर्तमान में 39 हजार से अधिक उपभोक्ता है। बिजली कंपनी के अफसरों के मुताबिक एक जोन में 12 से 13 हजार उपभोक्ता होना चाहिए। परंतु वर्तमान में आइटीआइ और वॉटर बॉक्स जोन है और दोनों ही जोन पर क्षमता से अधिक है। प्रति दिन शहरी क्षेत्र में 300 से 400 एफओसी आती है। वहीं शहरी क्षेत्र में बकाया बिजली बिल करीब 300 करोड़ से अधिक है। नया जोन ऑफिस बनाए जाने पर एक एक एफओसी टीम 24 घंटे उपभोक्ताओं की समस्या समाधान के लिए तैनात होगी। इसके अलावा बिजली बिल वसूली समेत अन्य प्रशासनिक कार्य में सहूलियत मिलेगी।

प्रस्ताव भेजा

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक दिनेश सुखीजा ने बताया कि शासन की ओर से उपभोक्ताओं की संख्या देखते हुए नया जोन के लिए प्रस्ताव मांगा गया था। नया जोन बीटीआई को बनाए जाने का प्रस्ताव भेजा है। सहायक यंत्री शिवम शर्मा का कहना है कि अब तक शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को आइटीआइ और वॉटर बाक्स जोन से बिजली सप्लाई जैसी सुविधा दी जा रही थी। शहरी क्षेत्र में उपभोक्ताओं की संख्या ज्यादा है। ऐसे में नया जोन ऑफिस की बहुत जरूरत है। प्रस्ताव भेजा जा चुका है।

पिकअप से 49 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद

भिण्ड। लोडिंग पिकअप में अंदरूनी तरीके से बनी रैक में से 325440 रूपये की 49 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब अय पिकअप वाहन के एक व्यक्ति को थाना देहात भिण्ड पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। मुखविर की सूचना पर से थाना प्रभारी रामबाबू सिंह ने लोडिंग पिकअप एमपी 30 जी 0929 से अवैध शराब परिवहन की सूचना पर तत्परता दिखाते हुये मय फोर्स के चैकिंग लगाकर उक्त कार की घेराबन्दी कर पकड़ लिया जिसे चैक करने पर लोडिंग पिकअप के नीचे बनी रैक में से 26 पेटी रॉयल क्लासिक व्हिस्की, 15. पेटी विन्टाज ब्लू व्हिस्की, 06 पेटी हाईट लैस वोडका, 96 पाउच रॉयल क्लासिक व्हिस्की कुल 49 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब 325440 रूपये जप्त की बरामद की गयी तथा लोडिंग वाहन से अवैध शरब परिहन करने से लोडिंग वाहन कीमती 05 लाख रूपये को जप्त जप्त किया गया। वाहन चालक से नाम पता पूछा तो अपना नाम विकास पुत्र पोहप सिंह यादव उम्र 22 साल नि0 ग्राम मुरलीपुरा बताया अपराध सदर में मय वाहन व शराब कुल कीमती 825440 रूपये का जप्त किया गया। जिस पर से अपरध क0 631 / 21 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपी विकास को गिरफ्तार कर बरामद अवैध शराब के सम्बन्ध में पूछताछ की जा रही है।

उक्त सराहनीय कार्य में निरी रामबाबू सिंह यादव, उनि बीरेन्द्र सिंह यादव, उनि बृजेन्द्र सिंह तोमर, उनि विजय शिवहरे, उनि रामशरण शर्मा, सउनि मो0 साकिर, प्रआर गुरुदास सोनेन्द्र सिंह, राधेश्याम शर्मा, चतुर सिंह आर नीरज भदौरिया, प्रदीप भदौरिया, उमाशंकर, रिव यादव, सन्दीप राजावत बृजनन्दन योगेन्द्र भदौरिया, संजीव पाराशर, ओमप्रकाश, सुमेन्द्र सिंह, अनूप यादव, राहुल शुक्ला की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

दिनदहाड़े पेट्रोल पंप मैनेजर से की लूटपाट

भिण्ड। सीमा से सटे जालौन जिले के अंतियनपुरा के पास अज्ञात बदमाशों ने दिनदहाड़े पेट्रोल पंप मैनेजर से लूटपाट की। लूट की रकम 19 लाख बताई जा रही है। बदमाश वारदात के बाद भिंड के मिहोना की ओर भागे हैं। इस सूचना पर जिले के यूपी सीमा से सटे पांच थानों की पुलिस अलर्ट पर है। एसडीओपी अवनीश बंसल के मुताबिक मिहोना से उत्तर प्रदेश के जालौन जिले की सीमा से सटे अंतियनपुरा गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप मैनेजर दीपक दोहरे कैश लेकर जमा करने के लिए माधौगंज जा रहा था। अज्ञात बदमाशों ने महोई की पुलिया के पास पेट्रोल पंप मैनेजर के साथ हाथापाई कर कट्टे की दम पर 19 लाख लूट लिए। इसके बाद बदमाश मिहोना थाना सीमा की तरफ भागे है। यह सूचना माधौगंज थाना पुलिस ने भिंड पुलिस को दी है। लूट की वारदात को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश सीमा से सटे मिहोना थाना पुलिस, रौन थाना के अंतर्गत मछंड चौकी प्रभारी, लहार थाना पुलिस, रावतपुरा थाना पुलिस और दबोह थाना पुलिस को अलर्ट किया गया है। बदमाशों के हुलिया के आधार पर पुलिस सर्चिंग कर रही है। अज्ञात बदमाशों में एक लाल रंग का लोअर पहने हुए है। पांचों थानों की पुलिस यूपी-एमपी सीमा पर आने जाने वाले युवकों की सर्चिंग कर रही है।

कोरोना के नए केस

ब्रिटेन में कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या बीते तीन दिनों से 50 हजार के करीब है। वैज्ञानिकों का कहना है कि कोरोना के डेल्टा वैरिएंट के विकसित रूप की वजह से ऐसा हो रहा है। उनका कहना है कि अगर कोविड-19 का यह रूप जल्द नहीं रोका गया, तो ब्रिटेन में जल्द ही चौथी लहर आ सकती है। कोरोना का असर पूरी दुनिया पर एक बार फिर दिखने लगा है। ब्रिटेन में करीब एक हफ्ते से हर दिन 40 हजार से ज्यादा केस देखे जा रहे हैं। बीते तीन दिन की ही बात कर लें, तो यहां प्रतिदिन 50 हजार के करीब संक्रमित मिल रहे हैं। इतना ही नहीं, कोरोना के नए केस अमेरिका और रूस जैसे देशों में भी हैं। ये आंकड़े चौंकाने वाले इसलिए भी हैं, क्योंकि ब्रिटेन की लगभग 70 फीसदी, अमेरिका की करीब 60 फीसदी और रूस की 35 फीसदी आबादी को कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज मिल चुकी हैं। ब्रिटेन व अमेरिका जैसे देशों में कोरोना फिर से भयावह रूप धारण कर रहा है। ब्रिटेन में तो कोरोना का नया वैरिएंट सामने आया है और यह बहुत तेजी से संक्रमण फैला रहा है। आलम यह है कि बीते कई दिनों से वहां पर 45 हजार के आसपास प्रतिदिन संक्रमित सामने आ रहे हैं। ऐसे में भारतीय वैज्ञानिकों की चिंता बढ़ गई है। वैज्ञानिकों का कहना है कि भारत को फिलहाल सतर्क रहने की जरूरत है। विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक भारत में कोरोना का नया वैरिएंट सामने नहीं आता और यहां लोगों में बनी प्रतिरक्षा को चुनौती नहीं देता, तब तक भारत में तीसरी लहर की संभावना न के बराबर है। अगर, तीसरी लहर आएगी भी तो इसका असर कम ही होगा। हालांकि, विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि महामारी अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है और ब्रिटेन में फैल रहा कोरोना यह बताता है कि हमें सावधान होने की जरूरत है। भले ही कोरोना संक्रमितों की संख्या में कमी आई हो। संक्रमितों की संख्या 40,000 से घटकर 15 हजार प्रतिदिन हो गई हो, लेकिन भारत में मृत्यु दर अभी भी स्थिर है। भारत में मृत्यु दर 1.2 बनी हुई है और यह काफी दिनों से स्थिर है। यह आंकड़ा बताता है कि हमें वैक्सीनेशन की रफ्तार और भी अब बढ़ाने की जरूरत है। त्योहारी सीजन और दीपावली से पहले भारत में कोरोना के आंकड़े राहत दे रहे हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम एहतियात बरतना बंद कर दें। कोरोना टीकाकरण 100 करोड़ पार होने के बाद देश अब महामारी से मुक्ति का इंतजार कर रहा है, लेकिन भारतीय वैज्ञानिकों की चिंता अभी खत्म नहीं हुई है। टीकाकरण के बाद भी कोरोना वायरस के डेल्टा स्वरूप पर असर नहीं है। टीकाकरण अधिक होने की वजह से संक्रमण नियंत्रण में जरूर आया है, लेकिन डेल्टा वेरिएंट कमजोर नहीं पड़ा है। अगर किसी शख्स के शरीर में फुल एंटीबॉडी विकसित हो चुकी है तो भी उसे कोरोना संक्रमण से सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती है, वह फिर से संक्रमण की चपेट में आ सकता है। वैज्ञानिकों ने अध्ययन में निष्कर्ष निकाला है कि वैक्सीन लेने के बाद अगर किसी को संक्रमण होता है तो ऐसे मामलों की निगरानी बेहद जरूरी है क्योंकि इनके आधार पर वायरस की प्रतिक्रिया के बारे में समय रहते जानकारी मिल सकती है। इसी तरह वैक्सीन की दोनों खुराक लेने के बाद अगर कोई संक्रमित होता है तो यह संभावना अधिक है कि उसे सांस लेने में कठिनाई जैसे गंभीर लक्षण भी मिले। देश इस समय ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां कोरोना वापस भी आ सकता है और हमेशा के लिए भारत से जा भी सकता है। इसलिए जरूरी है कि हम सभी वैक्सीन लगाने को लेकर गंभीर हों और सुरक्षा के सभी उपायों को अपनाए रखें। 100 करोड़ डोज लगने के बाद भले ही एक बड़ी आबादी सुरक्षित हो गई हो।

श्री राम के आदर्शों को करना होगा आत्मसात

मुस्ताअली बोहरा

समाज और देशहित में हो बल-बुद्धि का उपयोग

मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम को आदर्श पुत्र, आदर्श पति, आदर्श भाई के रूप में जाना जाता है। श्री राम तो वो थे जिन्होंने पिता के आदेश का पालन करते हुए चौदह साल का वनवास भोगा, श्री राम वो थे जिन्होंने रावण का वध कर लोगों की रक्षा की, जिन्होंने शबरी के झूठे बेर खाए, जिन्होंने अहिल्या का उदधार किया। आज भी कई कस्बों में लोग उसी तरह एक दूसरे को जय सियाराम का संबोधन करते हैं जैसे कई लोग नमस्ते करते हैं। जय सियाराम का संबोधन मन को सुकून देने वाला होता है लेकिन बदलते वक्त और माहौल के साथ यही संबोधन जय सियाराम से जय-जय श्री राम हो गया। जय-जय श्री राम भी ऐसा जो ऐसे शौर्य का प्रतीक हो गया जो दूसरे को कमतर या कमजोर लगे। हर्ज तो जय-जय श्री राम के उदघोष से भी नहीं है लेकिन मर्यादा ऐसी हो जो जैसी श्री राम में थी। भगवान श्री राम का पूरा जीवन ही आदर्श प्रस्तुत करता है। देखा जाए तो यदि श्री राम राजा थे तो रावण भी राजा था, श्री राम पराक्रमी और त्यागी थे तो रावण भी महाबली था लेकिन अंहकारी भी। श्री राम अवतार थे तो रावण भी परम शिवभक्त था। राम ज्ञान से परिपूर्ण थे तो रावण भी महाज्ञानी था। श्री राम ने पिता को दिया वचन निभाया तो रावण ने बहन को दिया वचन पूरा किया। बावजूद इस सबके रावण ने अपने महाज्ञान, अपनी शक्ति-बल, पराक्रम का उपयोग सही दिशा में नहीं किया। यही वजह है कि आज मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम सर्वत्र पूजे जाते हैं तो रावण जलाया जाता है। इस दीपावली पर हम भी यही प्रण लें कि, अपने ज्ञान और बल का उपयोग समाज तथा देश की तरक्की के लिए करेंगे, अपने भीतर के राम और रावण को पहचानेंगे, भगवान श्री राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करेंगे और ऐसा होगा तभी दीपावली मनाने की सार्थकता होगी। बहरहाल, भारत मिली जुली संस्कृति का देश है। जितने मजहब, जितनी भाषा, जितनी बोलियां, जितने पारंपरिक तीज-त्यौहार यहां हैं उतने दुनिया के किसी भी देश नहीं हैं। इस देश को एक सूत्र में पिरोए रखने की जिम्मेदारी भी हमारी ही है। हम अपने अधिकारों के लिए तो सड़क पर उतर आते हैं लेकिन कर्तव्यों को बिसार देते हैं। आज जरूरत है कि हम भगवान श्री राम की मर्यादा का अहतराम करें और ऐसी मिसाल पेश करें की दुनिया भारत को विश्व गुरू माने। आइए, इस बार जब हम दीपावली मनाएं तो एक दीप भारत की समृदिध, खुशहाली और सामाजिक सदभाव के नाम भी जलाएं।

अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय के साथ ही सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व का त्यौहार है दीपावली। दीपावली रौशनी का त्यौहार है। लेकिन जरूरी ये भी है कि महज दियों को ही नहीं दिलों को भी सकारात्मक सोच के साथ रौशन किया जाए। रावण वध और 14 साल का वनवास खत्म होने के बाद मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के अयोध्या वापस लौटने पर लोगों ने दीपमालिका सजाकर उनका स्वागत किया था। नरक चतुर्दशी को राक्षस नरकासुर पर विजय प्राप्त की थी। द्वापर युग में भगवान कृष्ण ने राक्षस नरकासुर का संहार किया था। पांडवो के 12 वर्ष के निष्कासन के साथ साथ 1 वर्ष के अज्ञातवास से वापस घर आने के उपलक्ष्य में भी दीवाली मनाई जाती है। अश्विन महीने के कृष्ण पक्ष का अन्तिम दिन यानि दीवाली पर मारवाडी अपना नया साल मनाते हैं। गुजराती भाषी चन्द्र कलैण्डर (कार्तिक महीने में शुक्ल पक्ष के पहले दिन) के अनुसार दीवाली से एक दिन बाद अपना नया साल मनाते है। दीवाली को जैन धर्म में 527 ई.पू. महावीर स्वामी के मोक्ष या निर्वाण प्राप्ति के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। आर्य समाज के लोग इसे शरदीय नव-शयष्ठी के रुप में मनाते है। दीप पर्व की देवी श्रीलक्ष्मी हैं। कहा जाता है कि उन्होंने इसी रात पति रूप में विष्णु का वरण किया। इसी दिन उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य का राजतिलक हुआ था। इसी दिन गुप्तवंशीय राजा चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने विक्रम संवत की स्थापना की थी। अतः यह नए वर्ष का प्रथम दिन भी है। आज ही के दिन व्यापारी अपने बही-खाते बदलते हैं। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने राजा बलि को पातालो लोक का स्वामी बनाया था और इन्द्र ने स्वर्ग को सुरक्षित जानकर दीपावली मनाई थी। इसी दिन समुद्र मंथन के समय क्षीरसागर से लक्ष्मीजी प्रकट हुई थीं और भगवान विष्णु को अपना पति स्वीकार किया था। कहा जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने वामन अवतार लेकर राजा बलि से माता लक्ष्मी को मुक्त करवाया था। इसी दिन आर्यसमाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती का निर्वाण हुआ था। स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा आर्य समाज की स्थापना भी इसी दिन की गई थी। सिख धर्म के लिए भी दीपावली बहुत महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन को सिख धर्म के तीसरे गुरु अमरदास जी ने लाल पत्र दिवस के रूप में मनाया था जिसमें सभी श्रद्धालु गुरु से आशीर्वाद लेने पहुंचे थे। इसके अलावा सन् 1577 में अमृतसर के हरिमंदिर साहिब का शिलान्यास भी दीपावली के दिन ही किया गया था।

दीवाली का पाँच दिनों का समारोह अलग अलग महत्वों को दर्शाता है। दीवाली का पहला दिन, धनतेरस हिंदुओं के नये वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ को दर्शाता है। धनतेरस भगवान धनवंतरी (देवताओं के चिकित्सक के रूप में भी जाना जाता है) की जयंती के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि इनकी उत्पत्ति सागर मंथन के दौरान हुई थी। दीवाली का दूसरा दिन छोटी दीवाली या नरक चतुर्दशी के नाम से जाना जाता है जो भगवान कृष्ण की राक्षस नरकासुर पर जीत के रुप में जाना जाता है। दीवाली का तीसरा दिन लक्ष्मी पूजा या मुख्य दीवाली के नाम से जाना जाता है। इस दिन देवी लक्ष्मी की पूजा की जाती है और देवी लक्ष्मी के जन्म दिन के उपलक्ष्य में इसे मनाया जाता है। दीवाली का चौथा दिन बली प्रतिप्रदा या गोवर्धन पूजा के नाम से जाना जाता है। भगवान विष्णु की राक्षस राजा बाली पर विजय के साथ साथ भगवान कृष्ण की देवराज इन्द्र पर विजय के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। दीवाली का पांचवा और अंतिम दिन यम द्वितीया या भाई दूज के नाम से जाना जाता है। मृत्यु के देवता यम और उनकी बहन यामी (अर्थात् यमुना नदी) की कथा भाईदूज से जुड़ी हुई है।

महावीर स्वामी प्रज्ञाते नमः

जैन धर्म में दीवाली का अपना महत्व है। माना जाता है दीपावली के दिन, भगवान महावीर (युग के अंतिम जैन तीर्थंकर) ने 15 अक्टूबर 527 ईसा पूर्व को पावापुरी में कार्तिक के महीने (अमावस्या की सुबह के दौरान) की चतुर्दशी पर निर्वाण प्राप्त किया था। कल्पसूत्र (आचार्य भद्रबाहु द्वारा रचित) के अनुसार, ईसा पूर्व तीसरी शताब्दी में वहां अंधेरे को प्रकाशित करने के लिए कई देवता थे। यही कारण है कि दीवाली जैन धर्म में महावीर स्वामी के मोक्ष प्राप्ती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इसके साथ ही दीवाली के चौथे दिन या दीवाली प्रतिप्रदा को नये वर्ष की शुरूआत होती है। जैन धर्म में भगवान से प्रार्थना करने के लिये दीवाली पर पावा-पुरी की यात्रा करने का भी महत्व है। व्यवसायी धन की पूजा के साथ ही लेखा बहियों की पूजा करके धनतेरस मनाते हैं। काली चौदस पर विशेषतः महिलाओं द्वारा दो दिन का उपवास रखने की परंपरा है। अमावस्या के दिन भगवान की पूजा की जाती है। जैन धर्मावलम्बी महावीर स्वामी प्रज्ञाते नमः का जाप करते है। नए साल के दूसरे दिन महावीर स्वामी की मूर्ति की शोभायात्रा भी निकाली जाती है।

सिखों के लिए बंदी छोड़ दिवस

सिखों के लिए दीवाली का अपना महत्व है। सन् 1619 में सिक्ख गुरु हरगोबिन्द जी को ग्वालियर के किले में 52 राजाओं के साथ मुक्त किया जाना भी इस दिन की प्रमुख ऐतिहासिक घटना रही है। इन राजाओं और हरगोबिंद सिंह जी को बादशाह जहांगीर ने नजरबंद किया हुआ था। जेल से मुक्त होने के बाद हर गोबिंद जी अमृतसर के स्वर्ण मंदिर गए थे। लोगों ने उत्साह के साथ पूरे शहर को सजाकर और दीए जलाकर अपने गुरु की आजादी का जश्न मनाया।

सुखी रहना है तो ईश्वर से शिकायत न करें

इंसानों की एक सामान्य आदत है कि तकलीफ में वह भगवान को याद करता है और शिकायत भी करता है कि यह दिन उसे क्यूं देखने पड़ रहे हैं। अपने बुरे दिन के लिए इंसान सबसे ज्यादा भगवान को कोसता है। जब भगवान को कोसने के बाद भी समस्या से जल्दी राहत नहीं मिलती है तो सबसे ज्यादा तकलीफ होती है। इसका कारण यह है कि उसे लगता है कि जो उसकी मदद कर सकता है वही कान में रूई डालकर बैठा है। इसलिए महापुरूषों का कहना है कि दुख के समय भगवान को कोसने की बजाय उसका धन्यवाद करना चाहिए। इससे आप खुद को अंदर से मजबूत पाएंगे और समस्याओं से निकलने का रास्ता आप स्वयं ढूंढ लेंगे। भगवान किसी को परेशानी में नहीं डालते और न ही वह किसी को परेशानी से निकाल सकते हैं। भगवान भी अपने कर्तव्य से बंधे हुए हैं। भगवान सिर्फ एक जरिया हैं जो रास्ता दिखाते हैं चलना किधर है यह व्यक्ति को खुद ही तय करना होता है। भगवान श्री कृष्ण ने गीता में इस बात को खुद स्पष्ट किया है। आधुनिक युग के महान संत रामकृष्ण का नाम आपने जरूर सुना होगा। ऐसा माना जाता है कि मां काली उन्हें साक्षात दर्शन देती थी और नन्हें बालक की तरह रामकृष्ण को दुलार करती थीं। ऐसे भक्त की मृत्यु कैंसर के कारण हुई। मृत्यु के समय इन्हें बहुत की कष्ट का सामना करना पड़ा। रामकृष्ण चाहते तो मां काली से कह कर रोग से मुक्त हो सकते थे। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और पूर्व जन्म के संचित कर्मों को नष्ट करने के लिए दुःख सहते रहे और अंततः परम गति को प्राप्त हुए।

संत नामदेव, अमृत का निरंतर बहता झरना

हेमेन्द्र क्षीरसागर

संत नामदेव का महाराष्ट्र में वही स्थान है, जो भक्त कबीरजी अथवा सूरदास का उत्तरी भारत में है। उनका सारा जीवन मधुर भक्ति-भाव से ओतप्रोत था। विठ्ठल-भक्ति भक्त नामदेवजी को विरासत में मिली। उनका संपूर्ण जीवन मानव कल्याण के लिए समर्पित रहा। मूर्ति पूजा, कर्मकांड, जातपात के विषय में उनके स्पष्ट विचारों के कारण हिन्दी के विद्वानों ने उन्हें कबीरजी का आध्यात्मिक अग्रज माना है। वास्तव में श्री गुरु साहिब में संत नामदेव की वाणी अमृत का वह निरंतर बहता हुआ झरना है, जिसमें संपूर्ण मानवता को पवित्रता प्रदान करने का सामर्थ्य है। उनके जीवन के एक रोचक प्रसंग के अनुसार एक बार जब वे भोजन कर रहे थे, तब एक श्वान आकर रोटी उठाकर ले भागा। तो नामदेवजी उसके पीछे घी का कटोरा लेकर भागने लगे और कहने लगे हे भगवान, रुखी मत खाओ साथ में घी लो।

निर्गुण संतों में संत

निर्गुण संतों में संत नामदेव का नाम अग्रणी है। उनका जन्म 26 अक्तूबर, 1270 को महाराष्ट्र के नरसी बामनी नामक गाँव में हुआ था। इनके पिता श्री दामाशेट और माता श्रीमती गोणाई थीं। कुछ लोग इनका जन्मस्थान पण्डरपुर मानते हैं। इनके पिताजी दर्जी का काम करते थे; जो आगे चलकर पण्डरपुर आ गये और विठ्ठल के उपासक हो गये। वे विठ्ठल के श्रीविग्रह की भोग, पूजा, आरती आदि बड़े नियम से करते थे। जब नामदेव केवल पाँच वर्ष के थे, तो इनके पिता को किसी काम से बाहर जाना पड़ा। उन्होंने विठ्ठल के विग्रह को दूध का भोग लगाने का काम नामदेव को सौंप दिया। अबोध नामदेव को पता नहीं था कि मूर्त्ति दूध नहीं पीती, उसे तो भावात्मक भोग ही लगाया जाता है। नामदेव ने मूर्त्ति के सामने दूध रखा, जब बहुत देर तक दूध वैसा ही रखा रहा, तो नामदेव हठ ठानकर बैठ गये। बोले - जब तक तुम दूध नहीं पियोगे, मैं हटूँगा नहीं। जब तुम पिताजी के हाथ से रोज पीते हो, तो आज क्या बात है ? कहते हैं कि बालक की हठ देखकर विठ्ठल भगवान प्रगट हुए और दूध पी लिया। बड़े होने पर इनका विवाह



राजाबाई से हुआ। उससे उन्हें चार पुत्र तथा एक पुत्री की प्राप्ति हुई।

अभंगों के रचनाकार

नामदेव भारत के प्रसिद्ध संत थे। इनके समय में नाथ और महानुभाव पंथों का महाराष्ट्र में प्रचार था। पण्ढरपुर से कुछ दूर स्थित औढिया नागनाथ मन्दिर में विसोबा खेचर को इन्होंने अपना अध्यात्म गुरु बनाया। आगे चलकर सन्त ज्ञानदेव और मुक्ताबाई के सान्निध्य में नामदेव सगुण भक्ति से निर्गुण भक्ति में प्रवृत्त हुए और योग मार्ग के पथिक बने। ज्ञानदेव से इनका प्रेम इतना प्रगाढ़ हुआ कि वे इन्हें अपने साथ लम्बी तीर्थयात्रा पर काशी, अयोध्या, मारवाड़, तिरुपति, रामेश्वरम आदि के दर्शनार्थ ले गये। एक-एक कर सन्त ज्ञानदेव, उनके दोनों भाई एवं बहिन ने भी समाधि ले ली। इससे नामदेव अकेले हो गये। इस शोक एवं बिछोह में उन्होंने समाधि के अभंगों की रचना की। इसके बाद भ्रमण करते हुए वे पंजाब के भट्टीवाल स्थान पर पहुँचे और वहाँ जिला गुरदासपुर में 'घुमान' नगर बसाया। फिर वहीं मन्दिर बनाकर तप किया और विष्णुस्वामी, परिसा भागवत, जनाबाई, चोखामेला, त्रिलोचन आदि को नाम दीक्षा दी।

श्री गुरुग्रन्थ साहिब में वाणी संकलित

सन्त नामदेव मराठी सन्तों में तो सर्वाधिक पूज्य हैं ही; पर उत्तर भारत की सन्त परम्परा के तो वे प्रवर्तक ही माने जाते हैं। मराठी साहित्य में एक विशेष प्रकार के छन्द 'अभंग' के जनक वे ही हैं। पंजाब में उनकी ख्याति इतनी अधिक रही कि %श्री गुरु ग्रन्थ साहिब% में उनकी वाणी संकलित है। वे परमात्मा की प्राप्ति के लिए सद्गुरु की कृपा को बहुत महत्त्व देते हैं। पंजाब के बाद अन्य अनेक स्थानों का भ्रमण करते हुए वे फिर अपने प्रिय स्थान पण्ढरपुर आ गये और वहीं 80 वर्ष की अवस्था में 3 जुलाई, 1350 को उन्होंने समाधि ले ली। वे मानते थे आत्मा और परमात्मा में कोई अन्तर नहीं है। परमात्मा द्वारा निर्मित सभी जीवों की सेवा ही मानव का परम धर्म है। इसी से साधक को दिव्य दृष्टि प्राप्त होती है। सन्त नामदेव द्वारा प्रवर्तित 'वारकरी पन्थ' के लाखों उपासक विठ्ठल और गोविन्द का नाम स्मरण कर अपने जीवन को धन्य बना रहे हैं।

पाक की जीत पर पटाखे

सूडोकु नवताल- 5876

★☆☆☆☆ सरल

5	9			3			8	7
8	7		1		5			
		2			9			4
	6				2		3	5
3	8		4	1	7		2	9
2	4		6				1	
7			3			8		
			5		8		7	3
9	3			2			6	1

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -5875 का हल

7	4	8	3	9	2	1	5	6
2	6	9	5	7	1	8	4	3
3	1	5	4	8	6	7	2	9
5	7	4	8	6	9	3	1	2
8	9	1	2	3	4	6	7	5
6	3	2	1	5	7	4	9	8
4	8	7	6	2	5	9	3	1
9	2	6	7	1	3	5	8	4
1	5	3	9	4	8	2	6	7

ओमप्रकाश मेहता

कश्मीरियों का एक बार फिर 'समर्पण' उजागर....!

भारत के शीश (कश्मीर) में एक बार फिर 'सरदर्द' काफी बढ़ गया है, आजादी के बाद से आज तक कोई भी सरकार कश्मीरी अवाम को भारत के पक्ष में नही कर पाई और अब देश के गृहमंत्री कश्मीर में है तो भी वहां आतंकी घटनाएं जारी है, आज ही बांदीपोरा में किए गए विस्फोट में आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, अमित शाह जी लाख कश्मीर में जाकर कहे कि हम कश्मीरियों की सोच बदलना चाहते है और कश्मीरियों को हर तरह की सुविधा प्रदान करना चाहते है, किंतु उनके इस प्रयास से यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि वास्तव में कश्मीरियों के हित की बात कर रहे है या आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी और सरकार का प्रचार कर रहे हैं? एक तरफ वे मंच से 'बुलेट प्रुफ' आवरण हटवा रहे है और दूसरी ओर किसी होटल या सरकारी अतिथि गृह के बजाये सीआरपीएफ के कैम्प में रात्रि विश्राम कर रहे है, आखिर यह सब क्या प्रदर्शित करता है? यहां तक तो फिर भी ठीक है, किंतु केन्द्रीय गृहमंत्री के कश्मीर में रहते वहां के पाक परस्त लोगों ने टी-20 विश्वकप के मैच में भारत के विरूद्ध काफ की जीत पर पटाखें फोड़े और वहां का सुरक्षा बल यह सब देखता रहा? क्या यह कम आश्चर्यजनक है? अरें.... जिस कश्मीर के आवाम को पचहत्तर सालों के प्रधानमंत्रीगण भारत के पक्ष में नही कर पाये, उस आवाम को भारत के पक्ष में



करने का गृहमंत्री जी का प्रयास 'शेखचिल्ली' का प्रयास नहीं माना जाएगा? स्वयं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कश्मीरियों की सर्वदलीय बैठक बुलवाकर उन्हें भारत के पक्ष में नहीं कर पाये, वह क्या अमित भाई तीन दिन के कश्मीर दौरे में कर पाएगें? यदि आज के शासन के कर्णधार ज्यादा नहीं आजादी के बाद भारत के विभाजन के समय के ÷कश्मीर प्रसंग÷ को जान लेते तो उन्हें समझ आ जाता कि कश्मीरियों को पटाना कितनी 'टेढ़ी खीर' है? भारत के विभाजन के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने कश्मीर प्रकरण में शेख अब्दुल्ला जी को कश्मीर में जनमत संग्रह करवाकर वहां के लोगों की आम राय जानने का लिखित समझौता किया था, किंतु नेहरू जी तो क्या उनके बाद के भी किसी प्रधानमंत्री ने नेहरू के लिखित समझौते का पालन करने की हिम्मत नहीं दिखाई और मौजूदा दौर में कश्मीरी जो अपना पाक प्रेम उजागर कर रहे है, उसके चलते नरेन्द्र भाई मोदी जी भी क्या कश्मीर को लेकर सात दशक पहले हुए लिखित समझौते का पालन करवा पाएगें?

आज जो कुछ भी कश्मीर में हिंसक वारदातें हो रही है, उसमें पाक आतंकियों के साथ कश्मीरियों के जुड़े होने के सबूत कई बार मिल चुके है और पाक की जीत पर पटाखें फोड़े जाने पर पीडीपी नैत्री महबूबा मुती की आई प्रतिक्रिया पढ़ लीजिए, इससे क्या प्रतीत होता हैश् अब ऐसी हालत में क्या कश्मीरियों को भारत के प्रति लगाव संभव है? भाजपा की केन्द्र सरकार की सबसे बड़ी चिंता ही यही है, आखिर वहां राष्ट्रपति शासन कब तक रखा जा सकता है, उसकी भी तो कोई समयसीमा होगी ही? और यदि मौजूदा स्थिति में वहां विधानसभा चुनाव कराये जाते है तो भाजपा की सबसे बड़ी चिंता ही यही है कि कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म करने के सरकार के फैसले ने कश्मीरियों के घाव और गहरे कर दिये है और अब हर कश्मीरी सरकार व भाजपा के खिलाफ है, ऐसे में आखिर केन्द्रीय गृहमंत्री जी वहां क्या कर पायेगें?

इस तरह कुल मिलाकर कश्मीर आज भी भारत का 'सरदर्द' है और इसके कम होने की फिलहाल कोई संभावना नजर नहीं आ रही है और यही नहीं भाजपा के ऐसे प्रयासों से आम कश्मीर और अधिक उद्वेलित हो रहा है, इस समस्या का हल खोजने के लिए ÷अन्तर्राष्ट्रीय मध्यस्थता÷ या संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्था के प्रयास जरूरी है।

मोदी और शी सीधे बात करें

चीन की संसद ने 23 अक्तूबर को जो नया कानून पास किया है, उसे लेकर हमारा विदेश मंत्रालय काफी परेशान दिखाई पड़ता है। उसने एक बयान जारी करके कहा है कि चीनी सरकार ने यह कानून बनाकर पड़ौसी देशों और खासकर भारत को यह संदेश दिया है कि उसने हमारी जमीन पर जो कब्जा किया है, वह कानूनी है और पक्का है। वह उस पर टस से मस नहीं होनेवाला है। हमारे प्रवक्ता ने यह भी कहा है कि यह नया भू-सीमा कानून उस अवैध चीन-पाकिस्तान समझौतों को भी सही ठहराता है, जिसके तहत 1963 में कश्मीर के काफी बड़े हिस्से को चीन के हवाले कर दिया गया था। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि यह कानून 3488 किमी लंबी भारत-चीन सीमा के विवाद को न सिर्फ अधिक उलझा देगा बल्कि 17 माह से चले आ रहे गलवान-घाटी संवाद को भी खटाई में डलवा देगा। हमारा विदेश मंत्रालय इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रहता, यह असंभव था। उसे अपनी शंकाएं जाहिर करना चाहिए थीं, जो उसने कर दीं लेकिन मेरा ख्याल है कि इस नए चीनी कानून के होने या न होने से हमारे सीमा-विवाद पर कोई खास फर्क नहीं पड़ रहा है। यों भी चीन अब तक क्या करता रहा है? वह भारत सरकार के आलसीपन का लाभ उठाता रहा है। तिब्बत पर कब्जा करने के बाद 1957 से 1962 तक वह हमारी सीमाओं में घुसकर हमारी ज़मीन पर कब्जा करता रहा और हमारी नेहरु सरकार विश्वयारी की पतगें उड़ाती रही। यह ठीक है कि अंग्रेज के जमाने में भी भारत-चीन सीमा का जमीन पर वैसा सीमांकन नहीं हुआ, जैसा कि पड़ौसी देशों के साथ प्रायः होता है। और यह तथ्य है कि पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के सैनिक एक-दूसरे की तथाकथित सीमाओं का साल में सैकड़ों बार जाने-अनजाने उल्लंघन करते रहते हैं। जरुरी यह है कि चीन के साथ बैठकर संपूर्ण सीमांकन किया जाए ताकि यह सीमा-विवाद सदा के लिए समाप्त हो जाए। चीनी संसद ने ये जो नया कानून बनाया है, उसमें साफ़-साफ़ कहा गया है पड़ौसी देशों के साथ लंबे समय से चल रहे सीमा-विवादों को समानता, आपसी विश्वास और मैत्रीपूर्ण संवाद के द्वारा ठीक से हल किया जाए। हमारी सरकार की यह नीति समझ के परे है कि उसने सीमा-विवाद फौज के भरोसे छोड़ दिया है। फौजियों का काम लड़ना है या बात करना है? हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीनी राष्ट्रपति शी चिन फिंग के साथ दर्जनों बार भेंट की और याराना रिश्ते बनाए। क्या वे सब फिजूल थे, कागजी थे, बनावटी थे? यदि मोदी और शी के बीच सीधा संवाद होता तो क्या सीमा का यह मामला इतने लंबे समय तक अधर में लटका रहता?

शांति का मसीहा पंचतत्व में विलीन, नम आंखों से दी भावभीनी श्रद्धांजलि

-मध्यप्रदेश के अतिरिक्त संपूर्ण देश और विदेशों से भी आए लोग

जौरा। महात्मा गांधी सेवा आश्रम में आज चंबल घाटी में शांति स्थापित करने वाले पदमश्री डॉ एसएन सुब्बाराव को उनके बहनोई मेजर ईश्वर जोइस पाराशरण ने मुखाग्नि दी। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शिष्य के रूप में अपने गुरु डॉ एसएन सुबाराव को श्रद्धांजलि अर्पित की। गुरुवार की सुबह 9 बजे तय कार्यक्रम के अनुरूप डॉ एसएन सुब्बाराव के पार्थिव शरीर को महात्मा गांधी सेवा आश्रम में बनाए गए श्रद्धांजलि स्थल पर रखा गया, रात से ही उनके अनुयाई देश और विदेश से आना प्रारंभ हो गये। इस दौरान नगर मैं सभी व्यवसायियों ने सर्वसम्मति से उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए बाजार बंद रखे। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के आवाहन पर संपूर्ण जौरा तहसील के सभी विद्यालय बंद रहे और सभी बच्चों ने सुब्बाराव को अपने अपने घर पर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि स्थल पर सुबह से ही लोगों का आना प्रारंभ हो गया, लोग श्रद्धांजलि देने आते रहे व श्रद्धांजलि देकर कुछ देर बैठते रहे और फिर चले जाते रहे। इस अवसर पर उनके परिजनों के साथ-साथ मध्यप्रदेश के अतिरिक्त सुदूर पूर्व में त्रिपुरा, मणिपुर, उत्तर में उत्तराखंड दक्षिण में कर्नाटक, तमिलनाडु और छत्तीसगढ़ व झारखंड से भी लोग महात्मा गांधी सेवा आश्रम पहुंचे। कार्यक्रम के अनुसार 4 बजे उनका पार्थिव शरीर महात्मा गांधी सेवा आश्रम में बनाए गए अंत्येष्टि स्थल पर लाया गया और 4:40 पर उन्हें उनके बहनोई ने मुखाग्नि दी। इससे पूर्व भाई जी के कृतित्व और व्यक्तित्व और उनकी कामना के अनुरूप सर्व धर्म प्रार्थना के रूप में उनको श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधि और धर्म गुरु श्रद्धांजलि स्थल पर उपस्थित थे। अंत में गायत्री परिवार के परिजनों के द्वारा वैदिक संस्कृति के अनुरूप डॉ एसएन सुब्बाराव का अंतिम संस्कार कराया गया।

भाई जी के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया जाएगा: गहलोत: डॉ एसएन सुब्बाराव को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करने आए राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भावुक होते हुए कहा कि यहां से राजस्थान की दूरी बहुत दूर नहीं है। धौलपुर तो और भी पास में है, मेरा सौभाग्य है कि मध्यप्रदेश की सीमा राजस्थान की सीमा को सजाती है तो मुझे मध्यप्रदेश में आने में आसानी होगी और भाई जी के संदेश को और भाई जी के विचारों को, भाई जी के अधूरे पड़े कार्यो को हम आगे बढ़ाएंगे और पूर्ण करने की कोशिश करेंगे। आज भाई जी हमारे बीच स्थूल शरीर में भले ही उपस्थित नहीं है पर सूक्ष्म शरीर से वह हमेशा हमारे साथ रहेंगे और उनके द्वारा किए गए कार्य हमारे प्रेरणा स्रोत बनेगें।

बहनोई ने दी मुखाग्नि : शांति के मसीहा डॉ एसएन सुब्बाराव के पार्थिव शरीर को जब अंतिम संस्कार के लिए अर्थी पर लिटाया गया तो वहां मौजूद सैकड़ों आंखें नम हो गई। भाई जी की कामना सद्भावना जैसे नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो रहा था। मुखाग्नि भाई जी के बहनोई मेजर ईश्वर पाराशर ने दी। मेजर बुधवार को ही बेंगलुरु से अपने परिवार के साथ जौरा आ गए थे।

राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार: डॉ एसएन सुब्बाराव का पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर एडीजीपी अनुराधा शंकर, मुरैना कलेक्टर बी कार्तिकेयन, पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार, एडिशनल कमिश्नर एडीएम नरोत्तम भार्गव, एसडीएम विनोद सिंह ने भाई जी की पार्थिव देह पर तिरंगा अर्पित किया।

सेवादल का ध्वज डॉ पीवी राजगोपाल को सौंपा: डॉ एसएन सुब्बाराव कांग्रेस सेवादल के न केवल सक्रिय सदस्य रहे, बल्कि वह अध्यक्ष भी रहे। सेवादल ने राजस्थान में और जौरा में भाई जी को सलामी दी और भाई जी के पार्थिव शरीर को सेवादल के झंडे में लपेटा गया और बाद में सेवादल की राष्ट्रीय कार्यकर्ता एस प्यारीजान ने डॉ एसएन सुब्बाराव के अनुयाई के तौर पर डॉक्टर पी बी राजगोपालन को ध्वज सौंपा।

कमलनाथ की तरफ से आए अशोक सिंह ने दी श्रद्धांजलि: डॉ एसएन सुब्बाराव को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने व्यक्तिगत रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अशोक सिंह को जौरा भेजा। अशोक सिंह ने गांधी आश्रम पहुंचकर भाई जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए ! इस दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महामंत्री अजय मरकाम, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मध्यप्रदेश के पूर्व कांग्रेसी मंत्री एवं विधायक जीतू पटवारी, गोविंद सिंह,सहित स्थानीय व्यापारी समाजसेवी राजनेता भी श्रद्धांजलि सभा में मौजूद रहे।

200 से अधिक बच्चों का किया गया सुवर्ण प्राशन संस्कार

पुष्य नक्षत्र में दिया गया रोग प्रतिरोधक दवाई का दूसरा डोज

मुरैना। बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्युनिटी) बढ़ाने के उद्देश्य से आरएसएस के गौसेवा विभाग द्वारा शुरू किए गए सुवर्ण प्राशन संस्कार की दूसरी डोज गुरुवार को पिलाई गयी। पुष्य नक्षत्र शुरू होते ही सरस्वती शिशु मंदिर में 200 से अधिक बच्चों ने अपने अविभावकों के साथ आकर दवाई पी।

कोरोना की तीसरी लहर आने की आशंका को देखते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौसेवा विभाग ने बच्चों में सुवर्ण प्राशन संस्कार शुरू कराया है। इसका पहला डोज 2 अक्टूबर को दिया गया था। गुरुवार को पुष्य नक्षत्र में ही 16 वर्ष तक के बच्चों को इसकी दूसरी खुराक दी गयी। सुवर्ण प्राशन संस्कार पहले की तरह ही सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया। यहां विहिप व मातृशक्ति आयाम की पदाधिकारियों ने बच्चों को अपने हाथ से दवा पिलाई और उनके अविभावकों को सुवर्ण प्राशन से संबंधित आवश्यक जानकारियां भी दीं। जिन बच्चों को दवा पिलाई गयी, उनके नाम, पता सहित अन्य प्रकार का ब्यौरा भी रजिस्टर में अंकित किया गया। इस अवसर पर महिला समन्वय की विभाग प्रमुख रजनी गुप्ता, सुवर्ण प्राशन संस्कार की संयोजिका एवं गौसेवा गतिविधि की विभाग कार्यकारिणी सदस्य हेमलता राणा, विहिप मातृशक्ति की जिला संयोजिका भावना जैन, सुनीता शास्त्री, ज्योति गुर्जर, नगर गौसेवा प्रमुख नंदकिशोर शर्मा, नगर कार्यवाह मनीष शर्मा, जिला संपर्क प्रमुख घनश्याम डंडोतिया उपस्थित रहे।

संक्रमण से बचाता है सुवर्ण प्राशन

सुवर्ण प्राशन संस्कार बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर विभिन्न प्रकार के संक्रमण रोकता है। कार्यक्रम में उपस्थित आरएसएस कार्यकर्ताओ ने बताया कि सुवर्ण प्राशन से बच्चे मानसिक रूप से सुदृढ बनते हैं, खांसी, जुकाम और अन्य प्रकार की बीमारियों से भी यह बच्चों को बचाता है। इसलिए बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सुवर्ण प्राशन बहुत उपयोगी है।

13 महीने तक दी जाएगी डोज

सुवर्ण प्राशन संस्कार के अंतर्गत बच्चों को विशेष दवाई की डोज 13 महीने तक दी जाएगी। आयोजकों ने बताया कि यह दवाई पुष्य नक्षत्र में ही पिलाई जाएगी। क्योंकि इस संयोग में आयुर्वेदिक दवाओं का प्रभाव कई गुना बढ जाता है। उन्होंने बताया कि जो बच्चे सूचीबद्ध हुए हैं उन्हें हर बार पुष्य नक्षत्र से पहले ही सुवर्ण प्राशन डोज के संबंध में सूचना भेज दी जाती है ताकि वे दवाई लेने से वंचित न रह जाएं।

रोजगार मेले में 44 युवाओं का हुआ चयन

मुरैना। मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सौजन्य से बुधवार को विकासखण्ड मुरैना के सभागार में एसआईएस की विशेष भर्ती अभियान के तहत रोजगार मेले का आयोजन किया गया। यह रोजगार मेला जिला पंचायत के मुख्य कार्यापालन अधिकारी रोशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में एवं जनपद पंचायत मुरैना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह यादव के सानिध्य में किया गया। रोजगार मेले में एसआईएस सिक्योरिटी नीमच द्वारा युवाओं के साक्षात्कार एवं शारीरिक मापदण्ड लेकर 152 युवाओ का पंजीयन किया गया। जिसमें से 44 युवाओं का चयन किया गया।

जनपद पंचायत मुरैना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह यादव ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए रोजगार की अहमियत को समझाया। एसआईएस प्रतिनिधि नरेन्द्र पाटीदार ने कम्पनी द्वारा 21 से 37 वर्ष के युवा एवं 65 वर्ष पर सेवानिवृत्त होने पर पेंशन के प्रावधान सहित बीमा एवं चिकित्सीय सुविधाओं के बारे में समझाया। इस अवसर पर विकासखण्ड प्रबन्धक अमित राजपूत द्वारा युवाओं की काउंसलिंग की। रोजगार मेले में विकासखण्ड प्रबंधक अमित राजपूत, सहायक विकासखण्ड प्रबंधक अकील खान, हरिओम राव, एनआरटीपी एवं अनिल तोमर की विषेश भूमिका रही।

28 फरवरी तक कंपाउंडिंग प्रकरणों में मिलेगी 20 प्रतिशत की छूट

मुरैना। राज्य शासन द्वारा नगरीय निकायों में 28 फरवरी 2022 तक कंपाउंडिंग (प्रशमन) प्रकरणों में शुल्क पर 20 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है। राज्य शासन द्वारा भवन अनुज्ञा से अतिरिक्त निर्माण एवं भवन अनुज्ञा के बगैर निर्माण के कंपाउंडिंग के लिए सीमा 10 से बढ़ाकर 30 प्रतिशत की गई है। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास निकुंज कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया है कि भवन अनुज्ञा के बिना निर्माण एवं भवन अनुज्ञा के विरुद्ध अधिक निर्माण के प्रशमन के लिए संचालनालय नगरीय प्रशासन विकास एवं आवास के माध्यम से भवन अनुज्ञा के लिए संचालित ऑनलाइन सिस्टम एबीपीएएस (ऑटोमेटेड बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम) में प्रकरणों के ऑनलाइन प्रशमन एवं ऑनलाइन शुल्क प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध है।

कुशवाहा समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत हुए गौराशंकर, कमलनाथ से की मुलाकात

मुरैना। चंबल संभाग श्रीयुवा कुशवाह महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष नरेशसिंह कुशवाह की अनुरंसा पर योगेश मानसिंह कुशवाह प्रदेशाध्यक्ष प्रांतीय कुशवाहा समाज मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा कांग्रेस कमेटी जिला मुरैना के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष गौरीशंकर कुशवाह को प्रांतीय कुशवाहा समाज मध्य प्रदेश का वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रभारी मुरैना मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर समाज के पदाधिकारी एवं बंधुओं ने हर्ष व्यक्त किया है। मनोनयन के पश्चात वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरीशंकर कुशवाह ने समाज बंधुओं के साथ भोपाल में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से भेंट की और समाज को लेकर चर्चा की। इसके साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की है, जिसमें नरेश सिंह कुशवाह ग्वालियर प्रांतीय अध्यक्ष

कुशवाहा युवा महासभा, रवि कुशवाह मुरैना प्रदेश सचिव प्रांतीय कुशवाह युवा महासभा मध्य प्रदेश, मंगल सिंह कुशवाह कोलारस शिवपुरी प्रदेश उपाध्यक्ष प्रांतीय कुशवाह युवा महासभा, भूपेंद्र कुशवाहा मुरैना जिला अध्यक्ष युवा कुशवाह महासभा, जय कुशवाहा मानपुरा शिवपुरी जिला अध्यक्ष शिवपुरी प्रांतीय कुशवाह युवा महासभा, तुलसी कुशवाहा नरवर प्रदेश सचिव प्रांतीय कुशवाहा युवा महासभा, नरेश कुशवाहा शिवपुरी प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रांतीय कुशवाह युवा महासभा, वीरेंद्र कुशवाहा नरवर जिला उपाध्यक्ष कुशवाह युवा महासभा शिवपुरी, दीपक कुशवाहा सबलगढ़ जिला उपाध्यक्ष प्रांतीय कुशवाहा युवा महासभा मुरैना, सुनील कुशवाहा सबलगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष, जितेंद्र कुशवाहा जौरा ब्लॉक अध्यक्ष, आशीष कुशवाहा जगतपुर ब्लॉक अध्यक्ष मुरैना, राजेश कुशवाहा ब्लॉक अध्यक्ष बामोर शामिल है। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा मनोनीत किए गए सभी पदाधिकारियों के प्रति समाज के बंधुओं ने हर्ष जताया है।

वन भूमि पर अवैध रूप से जुताई करने वाले आरोपीगण को न्यायालय ने किया दण्डित

मुरैना। वन भूमि पर अवैध रूप से जुताई करने के मामले में न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, तहसील जौरा जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपीगण जगदीश पुत्र छोटे गुर्जर, उम्र-45 वर्ष, बनवारी पुत्र छोटे गुर्जर, उम्र-55 वर्ष, रमेश पुत्र छोटे गुर्जर, उम्र-35 वर्ष समस्त निवासीगण- धरसोला, हाल ग्राम पाल, थाना पहाडगढ जिला मुरैना को भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33(1)ग के अंतर्गत दोषी पाते हुये प्रत्येक आरोपीगण को न्यायालय उठने तक का कारावास व 1000-1000/- रूपये (कुल 3000 रूपये) के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

आनन्द दीपावली सप्ताह के शुभारंभ पर मिट्टी के दीया निर्माताओं का किया सम्मान

अम्बाह। मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान की मंशानुरूप आचार्य आनंद टीम द्वारा गुरूवार को आनन्द दीपावली सप्ताह का शुभारंभ करते हुए मिट्टी के दीया निर्माता प्रजापति बंधुओं का शाल व श्रीफल खील -खिलौने और मिष्ठान देकर सम्मान किया गया। बजरंग कॉलोनी एवं टेलीफोन एक्सचेंज के पास निवास रत मिट्टी के दीया सभी निर्माताओं के निवास पर आचार्य आनंद टीम मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान के जिला संपर्क व्यक्ति बालकिशन शर्मा और आनन्दक दुष्यंत सिंह तोमर के नेतृत्व में पहुंचे। जहां समाजसेवी एवं आचार्य आनंद क्लब के अध्यक्ष डॉ सुधीर आचार्य, उपाध्यक्ष अरविंद मावई और रोटरी क्लब के अध्यक्ष अंकित मिश्रा, सदस्य महेंद्र सखवार ने दीया निर्माताओं को शाल ओढ़ाकर तथा श्रीफल, खील, खिलौना और सोनपापड़ी मिष्ठान के पैकेट भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ सुधीर आचार्य ने कहा कि मिट्टी के दीया, बर्तन एवं अन्य सामग्री बनाने वाले लोग भारतीय संस्कृति और सभ्यता के सच्चे पोषक हैं। सम्मान के बाद आचार्य आनंद टीम के सभी सदस्य प्रजापति बंधुओं के परिवारी जनों से मिले और इस व्यवसाय से संबंधित बारीकियों को जाना और महंगाई के प्रभाव से उत्पन्न परेशानियों की जानकारी भी ली।

स्वदेशी जागरण मंच के बैनर तले भव्य जन जागरण यात्रा निकाली

कैलारस। बुधवार को अनाज मंडी प्रांगण कैलारस में स्वदेशी जागरण मंच की जन जागरण यात्रा प्रारंभ हुई, जिसमें कैलारस नगर में नुक्कड़ सभाएं एवं पैदल यात्रा निकालकर स्वदेशी अपनाओं-देश बचाओ की आमजन से अपील की गई।

यात्रा अनाज मंडी से प्रारंभ होकर नगर में विभिन्न स्थानों पर होती हुईपुरानी सब्जी मंडी तिराहे पर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान अनेकों स्थानों पर नुक्कड सभा का आयोजन किया गया। यात्रा के दौरान स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वदेशी वस्तुओं को खरीदने का आग्रह लोगों से किया गया। नुक्कड़ सभा में प्रांत से आए हुए मुख्य वक्ताओं ने स्वदेशी अपनाने की अपील की और ऑनलाइन खरीदी का विरोध किया। इस दौरान पहाडगढ रोड तिराहे पर आमसभा का आयोजन हुआ, जिसमें स्वदेशी वस्तुओं की जानकारी एवं स्वदेशी से संबंधित पत्रक भी आमजन को वितरित किए गए।

स्वदेशी जागरण मंच की जन जागरण यात्रा में जन चेतना यात्र प्रभारी संजू पचौरी, जिला संयोजक स्वदेशी मंच कपिल भारद्वाज, सह-संयोजक रामकांत शर्मा, सह-सयोजक अशोक शर्मा, जिला सयोजक अंशुल शर्मा, मुरैना नगर सयोजक सत्यप्रकाश समाधिया, तहसील सयोजक राधाकृष्ण सिंघल, दीपक दुबोलिया, पुष्पेंद्र सिंह सिकरवार, योगेश शर्मा, पवन शर्मा, अनिल शुक्ला पवन शर्मा, सोनू पाराशर, अरुण शर्मा, विक्की उपाध्याय, आयुष शर्मा, केशब पाराशर, मगनदीप गोड, जितेंद्र तिवारी, अरुण शर्मा, राजेश शर्मा, आकाश गुप्ता सहित सेकडो की संख्या में स्वदेशी जागरण मंच, बजरंग दल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्तिथ रहे। कार्यक्रम का संचालन योगेश मरैया झुण्डपुरा ने किया। इस दौरान ऑनलाइन खरीदी न करते हुए लोकल फॉर वोकल का प्रचार-प्रसार करना और अन्य लोगों को भी जागरूक करना यात्रा का मुख्य उद्देश्य रहा। यात्रा में युवा वर्ग व नगर के गणमान्य नागरिक तथा विभिन्न राजनैतिक दलों के जन प्रतिनिधि भी समर्थन में मौजूद रहे एवं अन्य समाज के लोग भी उपस्थित रहे । जिन्होंने स्वदेशी वस्तुओं को खरीदने का भी संकल्प लिया और प्रण किया कि अमेजन व वालमार्ट जैसी विदेशी कंपनी व चायनीज सामग्री का पूर्ण बहिष्कार करेंगे तथा स्वदेशी वस्तुओं का ही उपयोग करेंगे।

वन-टू-वन

दांगी समाज का किया नाम रोशन उमेश दांगी सिरोल बालों के पुत्र अभय दांगी ने

पुष्पांजली टुडे

दतिया । दांगी समाज के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरू दांगी जी ने बच्चे को दी बधाइयां एवं शुभकामनाएं मिठाई खिलाकर बच्चे का कराया मुंह मीठा और राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा की समाज के साथ-साथ दतिया जिले का भी किया नाम रोशन और कहां की मां पीतांबरा माई का आशीर्वाद आप पर हमेशा बना रहे अखिल भारतीय दांगी क्षत्रिय युवा संघ के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष ठाकुर धीरू दांगी जी ने उमेश दांगी सिरोल वाले के घर पर पहुंच कर उनके पुत्र अभय दांगी को द्वारहृ मैं नवल कोचिंग संस्थान मैं द्वितीय स्थान प्राप्त किया अभय दांगी ने दांगी समाज का नाम रोशन किया घर परिवार के साथ साथ ।

अम्बाह पुलिस में आये उपनिरी पारथ सिह परिहार व विवेक शर्मा ने कारबाइयो में लगाये चोके छक्के

जुआ सहित अबैध शराब ठिकानो में मारा छापा माफियो में मचा हडकंम्प

पुष्पांजली टुडे

मुरैना । पुलिस अधीक्षक मुरैना ललित शाक्य बार के निर्देशन में अबैध शराब जुआ सट्टा की रोक थाम के लिये चलाये जारहै अभियान में उक्त अभियान की कडी में अम्बाह एसडीओपी अशोक सिह जादौन के मार्ग दर्शन अबैध धन्धो पर कारबाही हेतु निर्देश प्राप्त हुऐ है जिसमे उपनिरी. पारथ सिह परिहार के द्वारा मात्र तीन दिनो में मोटर साइकिल चोर सहित जुआरी व शराब माफियो को धर दबोचा है कल रिठोना बरबाई के बीच में पुलिया के पास जुआरियो को पकडकर करीबन बीस हजार रूपये के लगभग पैसे एवं ताश की गद्धी सहित चार लोगो को धर दबोचा आज खजूरी रोड करोली माता मन्दिर के पास से ई रिक्सा छह पेटी एक थैले में 20 क्वार्टर एवं ईरिक्सा सहित कीमत करीबन एक लाख बाहर हजार बिधिबत जप्त कर गिरफ्तार कर कारबाही की है इसी प्रकार बिबेक शर्मा द्वारा भी जुआ शराब रेत माफियो के टैक्टरव अबैध फटाको के ठिकानो पर व छापा मार कारबाही कर पुलिस का गौरब बढाया है उक्त कारबाही में टीआई रबिन्द्र सिह उनि.पारथसिह परिहार व बिबेक शर्मा आरक्षक कुशबेन्द्र व अनिल परिहार जोगेन्द्र भदौ. दीपक पचौरी आनन्द शर्मा गजेन्द्र लोधी की महत्व पूर्ण भूमिका रही है।

शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय में वमिरकपोस्टिंग पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

राकेश परिहार रिपोर्टर

पुष्पांजली टुडे

पिछोर ,वमिकापोस्टिंग पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न शासकीय छात्रसाल महा विद्यालय पिछोर में विश्व बैंक पोसित मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्यन कार्यक्रम एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वधान में वनस्पति शास्त्र विभाग एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के द्वारा एक दिवसीय वेबीनार सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन वमिकापोस्टिंग से आतम निर्भरता विषय पर ऑनलाइन माध्यम से किया गया कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि डॉ उमेश कुमार सिंह निदेशक ह्या1ष्टह्य उच्च शिक्षा रहे उन्होंने महाविद्यालय के प्रयासों को सराहा तथा आशा व्यक्त की यह कार्यक्रम कुछ नए उद्यमियों को राह दिखाएगा महाविद्यालय के प्राचार्य एवं इस कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉक्टर केशव सिंह जाटव ने सभी का स्वागत करते हुए प्रतिभागियों से आग्रह किया क्यों बे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को गंभीरता से लें यह वर्तमान समय में ना केवल स्वरोजगार का एक बेहतर माध्यम बन सकता है बल्कि स्वास्थ्य आहार उपलब्ध कराने में भी सहायक होगा प्रशिक्षक के रूप में ओमकार लाइफ केयर ग्वालियर के संचालक डॉ एच एस गोस्वामी टी एम श्री उदय आर्य रवि रिछारिया एवं हरिशंकर राजे ने लाइव प्रशिक्षण प्रदान किया तथा तकनीकी बारीकियों से परिचित कराया उन्होंने इसकी मार्केटिंग एवं कीमत के संबंध में जानकारी प्रदान की गई संपूर्ण प्रशिक्षण प्रैक्टिकल रूप से प्रदान किया गया जिसमें छात्रों के द्वारा विभिन्न संकाए एवं प्रक पूछे गए जिनका समाधान पूर्वक प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया।

पुलिस फ्लैग डे पर मैराथन दौड़ संपन्न

रितेश कटरे ब्यूरो चीफ

पुष्पांजली टुडे

बालाघाट। राष्ट्रीय एकता और अखंडता, पुलिस कर्मियों के योगदान, और कोविड-19 महामारी के दौरान पुलिस कर्मियों के बलिदान पर जागरूकता अभियान अंतर्गत पुलिस मुख्यालय, भोपाल मध्यप्रदेश शासन के तत्वाधान में 8 किलोमीटर मैराथन दौड का आयोजन दिन गुरुवार 28 अक्टूबर 2021 को सुबह 8 बजे से नगर लांजी के खेल मैदान से किया गया, जिसमे 15 वर्ष से अधिक उम्र के सभी धावको ने प्रतिभागिता की। मैराथन दौड़ का आयोजन नगर के सालेटेकरी मार्ग स्थित खेल मैदान से लेकर कटंगनाला घोटी के समीप तक किया गया जिसके तकरीबन 200 से अधिक युवक युवतियों ने प्रतिभागिता की, जिनमें पुरूष एवं महिला वर्ग में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालो को मोमेन्टो, प्रतिक चिन्ह स्वरूप भेंट किया गया तथा समाजसेवीयो के द्वारा नगद राशि

प्रदान की गई। आयोजित प्रतियोगिता में प्रमुख रूप से थाना प्रभारी शंकर सिंह चौहान, पुलिस स्टाफ लांजी, शिक्षक राजेश सोनेकर, श्रमजीवी पत्रकार संघ लांजी, दीपांकर भार्गव, गौरव बैस, भरत कालबेले, राजु रामटेक्कर सहित अन्य लोगो के द्वारा मैराथन दौड को सफल बनाने मे सहभागिता प्रदान की गई। पुलिस प्रशासन द्वारा आयोजित मैराथन दौड में प्रतिभागियो ने खासा उत्साह के साथ प्रतिभागिता करते दिखाई दिये, लांजी सहित आस पास के ग्रामो से तो प्रतिभागी आये ही, पडोसी राज्यो से ही प्रतिभागी मैराथन मे पंहुचे जंहा महाराष्ट्र राज्य के भण्डारा, गोंदिया, तिरोडा से भी प्रतिभागी लांजी पंहुचे, वंही जिले के खैरलांजी, कटंगी, बालाघाट, बैहर से भी प्रतिभागी सुबह 7 बजे खेल मैदान पंहुचकर मैराथन में हिस्सेदारी की, वंही युवतियाँ भी इस मैराथन मे पीछे नही रही, 10 से 15 युवतियो ने भी उक्त मैराथन में प्रतिभागिता की एवं प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान भी महिला वर्ग मे प्राप्त किया है, पडोसी राज्यो से आये धावको ने उक्त मैराथन दौड की सराहना की तथा कहा की हम आगे जब भी लांजी मे मैराथन का आयोजन किया जायेगा हम अवश्य प्रतिभागिता करेंगे।

एसडीओपी आर्मी ने व्हीसील बजाकर किया मैराथन प्रारंभ

लांजी एसडीओपी दुर्गेश आर्मो ने मैराथन दौड़ के पूर्व सभी धावकों से चर्चा की तथा आयोजन के विषय मे जानकारी प्रदान करते हुये बताया कि उक्त मैराथन का आयोजन पुलिस फ्लैग डे पर राष्ट्रीय एकता और अखंडता, पुलिस कर्मियों के योगदान, और कोविड-19 महामारी के दौरान पुलिस कर्मियों के बलिदान पर जागरूकता अभियान अंतर्गत पुलिस मुख्यालय, भोपाल मध्यप्रदेश शासन के तत्वाधान यह आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के विषय मे जानकारी देने के पश्चात श्री आर्मो ने व्हीसील बजाकर मैराथन दौड प्रारंभ करवाई, जिसमे करीब 200 लोगो ने प्रतिभागिता करते हुये प्रारंभ से कटंगनाला तक एवं वंहा से पुलिस कर्मियो से टोकन प्राप्त कर वापस खेल मैदान पंहुचे जंहा पर टोकन देकर अपनी प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान को सुनिश्चित किया।

यह रहे विजेता

पुलिस प्रशासन के द्वारा आयोजित मैराथन दौड में 200 प्रतिभागियो मे से पुरूष वर्ग मे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान तथा महिला वर्ग से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियो में पुरूष वर्ग से प्रथम अजमेरी पिता नरेन्द्र लिल्हारे उम्र 16 वर्ष निवासी महलगांव, थाना दौनेवाडा जिला गोंदिया, द्वितीय स्थान भुवन मंजुडे पिता रेव मंजुडे उम्र 19 वर्ष निवासी सोनपुरी थाना दौनेवाडा जिला गोंदिया तथा तृतीय स्थान पंकज खरे पिता कुशलाल खरे ग्राम सेवती किरनापुर महिला वर्ग में कु. प्रिती श्यामलाल ऐलोर उम्र 21 निवासी पूर्वाटोला, द्वितीय स्थान प्रिन्सी पीपरे पिता हेमेन्द्र पीपरे उम्र 15 वर्ष मानपुर, ऋतिका पिता तिलकचंद खरे उम्र 17 वर्ष निवासी वारी लांजी इन प्रतिभागियो ने स्थान प्राप्त किया।

बड़गांव में 1नवंबर से टेनिस बॉल ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

रितेश कटरे ब्यूरो चीफ

पुष्पांजली टुडे

बालाघाट । लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम बड़गांव- म के शिवाजी स्टेडियम में 1 नवम्बर से टेनिस बॉल ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ ऋषि पटेल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बहेला के मुख्यातिथ्य व राजकुमार यादव थाना प्रभारी बहेला, धर्मेन्द्र सिंह बैस स्थानीय पुलिस पटेल, गगन सिंह बैस शिक्षक के विशिष्ट आतिथ्य में एवं रामेश्वर लिल्हारे ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में होगा।

खिलाड़ी भावना का परिचय अनिवार्य - विजय लिल्हारे सचिव: सुपर ब्वायज क्रिकेट क्लब बड़गांव के सचिव विजय लिल्हारे ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रवेश के लिए 6 सौ रुपए प्रवेश शुल्क निर्धारित है एवं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले टीम को 15 हजार शिल्ड सहित, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले टीम को 8 हजार शिल्ड सहित इसके अलावा हैट्रिक विकेट, हैट्रिक सिक्स, हैट्रिक चौका लगाने वालों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता में एलपीडब्ल्यू को छोड़कर सभी नियम लागू रहेंगे, आपत्ती जनक स्थिति में समिति निर्णय लेगी, नैसर्गिक आपत्ती के लिए कमेटी जवाबदार नहीं रहेगी, टीम? को एंट्री फीस के साथ 13 खिलाड़ियों की नामावली देनी होगी जो अंत समय तक वही खिलाड़ी खेलने बाध्य होंगे, सभी टीमों को अपने खिलाड़ियों के आधार कार्ड की फोटोकॉपी देना अनिवार्य होगा, अंपायर का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। कोविड-19 को देखते हुए स्वयं को सुरक्षित रहना होगा, इन नियमों को लागू करते हुए टीमों को प्रतियोगिता में शामिल होना होगा। प्रतियोगिता का समापन 7 नवंबर को रमेश दिलीप भटेरे पूर्व विधायक भाजपा जिलाध्यक्ष के मुख्यातिथ्य व राजकुमार करहि पुर्व जनपद अध्यक्ष, विजय मस्करे सरपंच चिचोली, धर्मेन्द्र फूलमारे पुर्व सरपंच के विशिष्ट आतिथ्य में एवं रामेश्वर लिल्हारे की अध्यक्षता में संपन्न होगा। उक्त प्रतियोगिता में अध्यक्ष लिलेश्वर कचलरिया, उपाध्यक्ष टेकेश्वर लिल्हारे, सचिव विजय लिल्हारे, सह सचिव चन्द्रमणी फुलमारे, कोषाध्यक्ष जैनेन्द्र कलपुरे, वरिष्ठ सदस्य दौलत साऊसकार, कप्तान सिध्दार्थ फुलमारे, उप कप्तान कमल लिल्हारे सहित समिति के सदस्यों ने आसपास की टीमों को पहुंचकर प्रदर्शन करने की अपील की है।

सनी ने रामजी क्लब को हराया

मोहन मांझी

पुष्पांजली टुडे

गोहद । पुलिस स्थापना दिवस के मौके पर थाना पुलिस गोहद ने कबड्डी का आयोजन किया गया जिसमें 6 टीम बालकों की और 2 बालिकाओं की टीम ने भाग लिया पहला मुकाबला सर्वोदय स्कूल गोहद और मॉडल स्कूल गोहद की टीम के बीच हुआ जिसमें सर्वोदय स्कूल की टीम ने 4-28 से मॉडल स्कूल की टीम को परास्त किया दूसरा मुकाबला रामजी क्लब और भगतसिंह अकेडमी के बीच हुआ जिसमें भगतसिंह अकेडमी की टीम ने 15 अंकों से जीत हासिल की पहले स्थान पर भगत सिंह अकेडमी की टीम तथा दूसरे स्थान पर रामजी क्लब और तीसरे स्थान पर सर्वोदय स्कूल गोहद की टीम रही बालिका वर्ग में मुकाबला काफी रोमांचक रहा एक ओर भगतसिंह अकेडमी की टीम थी तो दूसरी तरफ सर्वोदय स्कूल की टीम जिसमे भगतसिंह की टीम ने 8 अंको से मैच को जीत लिया इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में ब्रजमोहन सिंह भदौरिया सब स्पेक्टर थाना गोहद ने बच्चों से कहा अगर अच्छा नागरिक बनना है तो नशे से और बुरी आदतों से दूर रहें आप तभी एक अच्छे खिलाड़ी और अच्छे नागरिक बन सकते हैं इस मौके पर भगतसिंह अकेडमी के कोच संतोष गौड़ और रवि गौड़ ने कहा कि अच्छे खिलाड़ी का निर्माण तभी होगा जब वो खेल भावना से खेले और अपने गुरुजनों और अपने से बड़ो का सम्मान करें खूब मेहनत करें अपने लक्ष्य से कभी नहीं भटकें।

कलेक्ट्रेट पर गौ दुर्दशा समाधान की मांग को लेकर सांकेतिक धरना प्रदर्शन

भिंड(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे) गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने प्रशासनिक स्तर पर बेसहारा गायों के समुचित प्रबंध की निम्नलिखित मांगों को लेकर जिले के गौ भक्तों एवं धर्म प्रेमी नागरिकों के द्वारा जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर सांकेतिक शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन रेली निकालकर प्रारंभ किया गया।गौ रक्षा संगठन संस्थापक संतोष चौहान केदार सिंह बाराकला ने नगर के गौ भक्तों से धर्म प्रेमी बंधुओं सामाजिक संगठनों से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आएं धरने में सम्मिलित होकर गौ माता के हित की आवाज उठाएं।गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने एवं प्रशासनिक स्तर से गायों की दुर्दशा समाधान के लिए प्रशासन और सरकार पर दबाव बनाएं।

पीड़ित मानवता की सेवा ही सच्ची समाजसेवा है: भदौरिया

संतोष सिंह भदौरिया

पुष्पांजली टुडे

गोरमी। नगर के पोरसा रोड स्थित जय मां पीतांबरा हॉस्पिटल मैं आयोजित स्वास्थ्य शिविर में आज दो सैकड़ा से ज्यादा मरीजों ने विभिन्न रोगों चर्म रोग पेट एबम लीवर आँखों एबम अन्य रोगों का निशुल्क परामर्श लिया एवं निशुल्क जांच कराई। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित जयारोग्य चिकित्सालय ग्वालियर मे चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कमल भदौरिया एमडी ने कहा कि शोषित पीड़ित मानवता की सेवा करना ही सच्ची समाज सेवा है बड़ी खुशी की बात है कि आज गर्मी जैसे छोटे शहर में ग्वालियर के नामचीन डॉक्टरों द्वारा निशुल्क परामर्श दिया जा रहा है इस प्रकार के आयोजन गांव-गांव में होने चाहिए जिससे गरीब को भी स्वास्थ्य लाभ हो सके इस अवसर पर ग्वालियर से आए पेट एवं युवा रोग विशेषज्ञ डॉ अरुण सिंह भदोरिया एमडी डीएम गेस्टों ने कहा की आज हम सब लोगों को अपने खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए क्योंकि पेट के सारे रोग खानपान से ही होते हैं इस अवसर इस अवसर जयारोग्य चिकित्सालय

ग्वालियर के सहायक अधीक्षक डॉक्टर जितेन्द्र सिंह नरवरिया ने कहा कि किसी भी बीमारी में इलाज से ज्यादा उसका परहेज है इसलिए हम सबको अपने खानपान एवं अपने दैनिक दिनचर्या में कुछ शारीरिक मेहनत अवश्य करते करनी चाहिए स्वास्थ्य शिविर के प्रारंभ में स्वास्थ शिविर के आयोजक अरविंद सिंह नरवरिया ने सभी डॉक्टरों एवं अतिथियों पत्रकारों का स्वागत किया एवं कहाँ की गोरमी में आकर आमजन को स्वास्थ्य लाभ देने के लिए सभी डॉक्टर का आभार ।इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक जेल सिंह नरवरिया भीष्म प्रताप सिंह भदोरिया श्रीकृष्ण कटारे ज्ञान सिंह नरवरिया अरविंद वर्मा राजकुमार जैन संतोष सिंह भदौरिया देवेंद्र तिवारी जोगेंद्र सिंह गुर्जर हरिओम कटारे रणवीर परमार मुन्ना खान कमल दीक्षित अशोक नरवरिया राजीव श्रीवास्तव बीपी भदोरिया मनीष अग्रवाल विष्णु कांत शर्मा दिनेश श्रीवास विवेक जैन सौरभ जैन मुकेश भदौरिया आकाश दिक्सित निर्मल आर्य रामप्रीत मिर्धा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

रोगों के प्रति जागरूक होना प्राथमिक आवश्यकता - डॉ अजीत मिश्रा

डॉ श्याम बिहारी शर्मा की स्मृति में चिकित्सा सेवा शिविर आयोजित

- दैनिक पुष्पांजलि टुडे

अरुण शुक्ला ज्ञ्रइम ब्यूरो चंबल डिवीजन

मोबाइल नंबर-9301000956

आज रोगों के प्रति जागरूक होना हम सब की पहली प्राथमिकता होना चाहिए इस शिविर के माध्यम से विभिन्न गांव के लोगों को एक ही स्थान पर एलोपैथी होम्योपैथी एवं आयुर्वेद की स्वास्थ्य साथ-साथ पैथोलॉजी जांच और दवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही है। अगर हमें सही समय पर बीमारी का पता चल जाता है तो उसका इलाज ठीक से किया जा सकता है डॉ. शर्मा का जीवन एक सेवाभावी जीवन रहा है। गांव वासियों के द्वारा की गई यह पहल बहुत ही उत्कृष्ट पहल है यह बात डॉ श्याम बिहारी शर्मा की स्मृति में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य सेवा एवं शारीरिक परीक्षण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी

डॉ अजीत मिश्रा ने कही।

डॉ श्याम बिहारी शर्मा जी की स्मृति में ग्राम प्रतापपुरा (अकलोनी) बाग वाली माता मंदिर परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा एवं शारीरिक परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजीत मिश्रा, कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी पूर्व सरपंच श्री कृष्ण पाल सिंह जी भदोरिया, विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच डॉ. कोक सिंह भदोरिया एवं श्री रामानंद शर्मा, बीएमओ डॉ. महेश शर्मा मंचासीन रहे।

श्री रामानंद शर्मा द्वारा डॉ.शर्मा जी के द्वारा किये गए सेवा कार्यों पर अवगत कराया। श्री भदौरिया जी ने कहा आज ग्राम के लोगों को एक ही स्थान पर स्वास्थ्य एवं उपचार सम्बंधित जानकारी मिलेगी यह एक सराहनीय पहल है। कार्यक्रम का संचालन प्रोफ़ेसर इकवाल अली और आभार प्रदर्शन इंजी. विजय प्रकाश शर्मा द्वारा किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में 538 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें 78 मरीजों की शुगर की जांच की गई तथा जिसमें 6 मरीज डायबिटीज से पीड़ित पाए गए। जिनकी शुगर 300 से 500 के बीच ऐसे मरीजों को चिन्हित कर एक-एक माह की दवाइयां आवश्यक देखभाल व निर्देश दिए गए , हिमोग्लोबिन की जाँच 98 लोगों की की गई जिसमें 5 लोगों रक्ताल्पता से पीड़ित पाए गए। जिनको आयरन सीरप पर टेबलेट के साथ नियमित आहार की सलाह दी गई। साथ ही 76 मलेरिया व 9 एच् आई वी की जांच जिनमें कोई मरीज संक्रमित नहीं पाया गया। शिविर में 79 लोगो को कोविड-19 का टीकाकरण भी किया गया।

स्वास्थ्य टीम में जिला अस्पताल भिंड से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ एके चौधरी सर्जन डॉ हिमांशु बंसल डॉ साकार तिवारी डॉ नामदेव शर्मा के साथ ही आयुष विभाग से डॉ आर के दुबे व डॉ नव किशोर चौधरी व मेहगांव से डॉ शिवेंद्र सिंह , डॉ गिरिज बरैया, डॉ.योगेंद्र सिंह, डॉ. वंदना ने मरीजों का उपचार किया। शिविर में प्रतापपुरा, अकलोनी, सिकरवार का पुरा, अछाई, घिलऊआ, दोनीयापुरा, रायपुरा,नुनाहड़, हसनपुरा, बालूपुरा आदि गांव के ग्रामीणजनो ने स्वास्थ्य उपचार लिया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी मेडिकल टीम के सदस्यों व वालंटियर को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया एवं अतिथियों द्वारा पौधारोपण कार्य भी किया गया।

वडेरावास ग्राम पंचायत में प्रशासन गांवों के संग शिविर आयोजित

पुष्पांजली टुडे। नेनाराम सिरवी

रानी पाली। राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार जिले के अलग-अलग ग्राम पंचायत स्तर पर प्रशासन गांवों के संग शिविर संचालित किए जा रहे हैं। पाली उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत वडेरावास राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में शिविर प्रभारी पाली उपखंड अधिकारी आईएएस देसल दान चारण के अध्यक्षता में शिविर आयोजित किया गया। प्रशासन गांवों के संग शिविर में 22 विभाग के अधिकारी कार्मिक मौजूद रहे।शिविर प्रभारी उपखंड अधिकारी ने सभी अधिकारियों को पात्रता के अनुसार योजना का लाभ आमजन को दिलाने व ग्रामीणों की समस्या का निस्तारण मौके पर ही करने के दिए निर्देश। उपखंड अधिकारी ने शिविर में संपूर्ण अधिकारियों को अपने-अपने विभाग की योजना की जानकारी आमजन को देने के साथ-साथ मौके पर ही जन समस्या का समाधान करने के दिए निर्देश । सरपंच लीला देवी सिरवी

सरपंच कार्यकाल के प्रथम बार प्रशासन गांवों के संग शिविर में ग्रामीणों के कई जन समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत ने सरकार की हर योजना का लाभ आम जन तक पहुंचाने के लिए संपूर्ण अधिकारियों को निर्देशित किया गया। विधायक ने राजस्थान सरकार की ओर से चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना के लाभ के साथ-साथ केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही जल जीवन मिशन योजना के तहत विस्तार से ग्रामीणों को जानकारी दी । प्रशासन गांवों के संग शिविर के दौरान की आजादी से अब तक ग्राम पंचायत के राजस्व गांव गुड़ा गिरधारी में विद्युत आपूर्ति नहीं होने से ग्रामीणों द्वारा सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत को अवगत करवाया गया जिसमें उपखंड अधिकारी ने मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति के बारे में निर्देश दिया गया। प्रशासन गांवों के संग शिविर के दौरान पट्टे वितरित किए गए नए। जॉब कार्ड बनाए गए ।पेंशन धारियों के लिए पेंशन शुरू की गई ।श्रमिक कार्ड बनवाए गए। कृषि संबंधित कई योजना की जानकारी शिविर के दौरान दी गई। पाली पंचायत समिति विकास अधिकारी मोहनलाल चौधरी ने शिविर के दौरान बताया कि राजस्थान सरकार की ओर से संचालित किया जा रहा प्रशासन गांवों के संग शिविर में सरकार की हर योजना की जानकारी संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा दी जा रही हैं ।और ग्रामीणों की जन समस्या का समाधान मौके पर ही किया जा रहा हैं। राजस्व विभाग के अंतर्गत लंबित मामले का निपटारा करने के लिए पाली तहसीलदार ने संबंधित राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कार्मिकों को निर्देश दिए। इस मौके पर खेरवा ग्राम पंचायत ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र पांडे वडेर वास ग्राम पंचायत ग्राम विकास अधिकारी कृष्ण कुमार चारण लांबिया ग्राम पंचायत सहायक नरेश कुमार सिरवी वडेरावास ग्राम पंचायत कनिष्ठ सहायक पुखराज सिरवी वेडरवास ग्राम पंचायत पंचायत कार्मिक मिट्ठू सिंह। विक्रम सिंह। खेरवा ग्राम पंचायत ग्राम रोजगार सहायक लक्ष्मण कुमार। खेरवा ग्राम पंचायत उप सरपंच मजीद खान। सेवानिवृत्त कृषि प्रवेशक हिर सिंह कुंपावत टेवाली मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत वडेरावास द्वारा जनप्रतिनिधियों का भव्य किया स्वागत – प्रशासन गांवों के संग शिविर में जनप्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत पाली पंचायत समिति प्रधान मोहनी पुखराज पटेल पाली सांसद पीपी चौधरी के निजी सचिव डीआर चौधरी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि भंवरलाल सिरवी पंचायत समिति सदस्य रामलाल पाली पंचायत समिति उप प्रधान प्रतिनिधि टेवाली सरपंच जोगाराम कुमावत वडेरावास सरपंच प्रतिनिधि अमरराम सिरवी।

कलाली के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधान सुनीता कंवर राजपुरोहित ने बालिकाओं को की साइकिल वितरण

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही बेटियां, बेटियां पड़ेगी क्षेत्र व समाज का नाम रोशन करेगी

नेनाराम सिरवी

पुष्पांजली टुडे

पाली /रोहट उपखंड क्षेत्र के निकटवर्ती कलाली ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कलाली में आज प्रधान श्रीमती सुनीता कंवर जी सुकरलाई व सरपंच अशोक जी मेघवाल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री जी की बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही, महत्वाकांक्षी योजना बालिका साईकिल योजना के तहत 36 बालिकाओं को रोहट प्रधान सुनीता कंवर राजपुरोहित के हाथों बालिकाओं को साईकिल वितरण की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान ने कहा कि बेटियों को शिक्षा इस जमाने में दिलवाने अति आवश्यक है बेटियां पढेंगी तो समाज में क्षेत्र का नाम रोशन करेगी।

वन-टू-वन

सरकार के नियमो को ताक पर रखकर खाद्यान का हो रहा परिवहन,

दैनिक पुष्पांजली टुडे
बृजपाल सिंह गुर्जर

मेहगांव द्वार प्रदाय योजना में जिला प्रबंधक और केंद्र प्रभारी की सांठगांठ से खाद्यान्न भेजने में ट्रैक्टरों का प्रयोग किया जा रहा है, जबकि वर्ष 2021 2023 के टेंडर में खाद्यान्न भेजने में ट्रैक्टर ट्रॉली का स्कंद करना किसी भी तरीके में मान्य नहीं किया जाएगा, गेंहू-चावल को ले जाने और लाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली का उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। लेकिन उसके बावजूद भी मेहगांव मे धड़ल्लै से ट्रैक्ट्र-ट्रॉली से खाद्यान्न को एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाया जा रहा है। सरेआम सरकारी विभागों के आला अधिकारियों का आदेश का उल्लंघन किया गया है। वहीं जिम्मेदार इसकी ओर ध्यान नहीं दे रहे है। यहां बता दें, कि मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन लिमिटेड के उप महाप्रबंधक (परिवहन) पवन राठी के द्वारा जारी किए गए आदेश में लिखा है, कि 'उचित मूल्य दुकानों पर सामग्री पहुंचाने के कार्य में यदि परिस्थितिवश छोटे लोडिंग वाहनों की आश्वकयकता होने पर कंडिका 4.13 के अनुसन, जिला प्रबंधक की पूर्व अनुमति उपरांत ही उपयोग किए जा सकते है। ऐसे वाहनों की संपूर्ण जानकारी जिला कार्यालय में दी जाना होगी। लेकिन ट्रैक्ट्र-ट्रॉली से स्कंध का परिवहन किया जाना किसी भी स्थिति में मान्य नहीं होगा।' इस आदेश में इस बात का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है, कि किसी भी स्थिति में ट्रैक्टर ट्रॉलियों का पीडीएस वितरण सामग्री पहुंचाने में उपयोग नहीं किया जाएगा। बावजूद इसके ऐसा किया जा रहा है परिवहन में ट्रैक्टर ट्रॉलियों से गेंहू, चावल को भेजा जा रहा है। किसानों को कृषि कार्य करने के लिए ट्रैक्टर को कई नियमों से छूट दी जाती है।

दबोह अस्पताल पहुंची कायाकल्प की टीम,स्टाफ से सुविधाओं की ली जानकारी

दबोह(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दबोह को ग्रेड देने के लिए कायाकल्प की तीन सदस्यीय टीम अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंची।टीम ने अस्पताल के वार्डो में घूमकर मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं को जानकारी ली।जानकारी के अनुसार कायाकल्प टीम ने सिविल अस्पताल लहार बीएमओ डॉ. शैलेंद्र पाण्डेय और डॉ.निशांत यादव के साथ पूरे अस्पताल का भ्रमण किया।भ्रमण के समय ड्रेसिंग कक्ष में मौजूद समस्त उपकरण व साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।ड्रेसर कक्ष के बाद उन्होंने इंजेक्शन कक्ष,डॉक्टर ड्यूटी कक्ष का भ्रमण किया।इस दौरान डॉ.के एम वरण ने दबोह अस्पताल की तारीफ करते हुए कहा कि दबोह हॉस्पिटल सिविल हॉस्पिटल बनने के लायक है।इस मौक पर लहार बीएमओ शैलेन्द्र पाण्डेय, बीपीएम नागेंद्र राजावत,डॉ.निशांत यादव दबोह,कम्पाउन्डर शिवकुमार गुप्ता,कोल्ड चैन प्रभारी सद्दीक खान,एनएमए दिनेश कौरव,डीईओ रोहित कोठारी,लैब टेक्नीशियन संजीव शाक्य,स्टाफ नर्स रुकसाना बानो,अर्चना कुशवाह,सुप्रिया ब्राम्हे,राज नन्दनी पवार,जितेंद्र कुमार व शीतल देवी मौजूद रही।

भास्कर राव आई पी एस एडिशनल डीजीपी रेलवे बेंगलुरु का सम्मान समारोह संपन्न हुआ

पुष्पांजली टुडे

बेंगलूर । सेवा संघ के प्रांगण में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ ।संघ के अध्यक्ष नारायणलाल परिहार उपाध्यक्ष अन्नाराम परीहारीया धर्माराम काग, सचिव किशनलाल चोयल ,सहसचिव जुगराज चोयल, कोषाध्यक्ष मांगीलाल राठौड़ ,पूर्व अध्यक्ष चोलाराम चोयल, पोकरराम बर्फा ,पूर्व सचिव अमरचंद सानपुरा पूर्व प्रधानाचार्य चिमनाराम पंवार, नंदूलाल गहलोत, बाबूलाल मुलेवा, शिवलाल गेहलोत , व वर्तमान कार्यकारिणी के सभी सदस्य के गण नवयुवक मंडल के दिनेश राठौड़ सुरेश राठौड़, दिनेश लचेटा, लक्ष्मण राठौड़ लक्ष्मण सोलंकी, बाबूलाल भायल, मांगीलाल परिहार ,केसाराम बर्फा , महिला मंडल से वनिता राठौड़ ,इंदिरा राठौड़ एवं सीरवी सेवा संघ के आर पुरम के अध्यक्ष दुर्गाराम राठौड़, सचिव गोवर्धन लाल बर्फा ,सीरवी समाज कोत्तनूर के अध्यक्ष राजूराम पंवार, सचिव प्रकाश हांमबड ,सीरवी समाज मागड़ी रोड सुगन कन्नटा के पूर्व अध्यक्ष वेनाराम बर्फा, मारू सैन समाज के अध्यक्ष ओम प्रकाश सैन ,बाणसवाडी सेवा संघ के अध्यक्ष ओगड़ राम चौहान, सचिव भवानी शंकर ,आरएसएस से राजगोपाल रेड्डी ,नागराज गौड़ा, प्रकाश , नागेश,वीर तेजाराम जाट समाज से हुकमाराम भानवाल, एवं सेवा संघ के अनेक गणमान्य सदस्य मौजूद थे मंच का संचालन चिमनाराम पंवार, ने किया व सचिव किशनलाल चोयल, ने (स्वागत)।

जाति आधारित हिंसा हमारी एकता के विरुद्ध षड्यंत्र-संजीव नायक

लहार(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)

लहार विधानसभा के मिहोना क्षेत्र के ग्राम डुबका गाँव में ग्राम चौपाल का आयोजन ग्रामीणों ने किया।चौपाल में गांव की छोटी छोटी समस्याओं एवं शराबबन्दी को लेकर उपस्थित सभी लोगों ने चर्चा की।चौपाल में बोलते हुए सामाजिक कार्यकर्ता संजीव नायक एडवोकेट ने कहा कि सामाजिक समरसता ही हमारे गाँव व् क्षेत्र का विकास करा सकती है।आज कल जो महापुरुषों के नाम पर जाति के नाम पर जो माहौल को खराब किया जा रहा है।वह देश विरोधियो का एक षड्यंत्र है इससे हमें बचना होगा एक रहना होगा हम सब एक है।संजीव नायक एडवोकेट ने शराब के विषय में बोलते हुए कहा कि घरेलू हिंसा का मूल कारण शराब ही है।शराब के विरुद्ध युद्ध मे आप सब की जरूरत है उन्होंने कहा कि शराब मुक्त गांव से ही शराबमुक्त समाज का निर्माण हो सकता है।नशे के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा उन्होंने कहा कि सर्व समाज के सहयोग से ही नशा मुक्त समाज का निर्माण होगा।शराब के कारण ही अपराधों का जन्म होता है सेवड़ा क्षेत्र के समाजसेवी रंजीत सिंह बघेल ने कहा कि गांव की छोटी छोटी समस्याओं का निदान चौपाल

लगा कर किया जा सकता है।जातिगत द्वेष मिटाकर अपराध मुक्त शराब मुक्त गांव का निर्माण किया जाना चाहिए।उन्होंने नशे से दूर रहने का सभी से आह्वान किया उन्होंने कहा कि नशा नाश करता है,नशे से दूर रहने के लिए संकल्प पर अडिग रहने की जरूरत है चौपाल में सरपंच विजयबहादुर वघेल ने शराब से होने वाले दुष्परिणामो के विषय में विस्तार से बताया तथा चौपाल में पूर्व सरपंच मान सिंह बघेल तथा डॉक्टर धनसिंह राठौर तथा के एस बघेल ने भी सम्बोधित किया।कार्यक्रम का संचालन कमलेश बघेल हील्कर ने किया।चौपाल में उपस्थित लोगो में धनसिंह राठौर,कृष्णा मटियावली,विकास राठौर,अभिलाषसिंह चौहान,कमल किशोर बघेल,गंधर्व सिंह बघेल,लखपत बघेल,डॉ राजबहादुर बघेल,विद्याराम बघेल,मानपाल बघेल,अमरसिंह बघेल,हरिसिंह दादा,राजवीर बघेल,भूरे बघेल,कमलसिंह बघेल,भानसिंह बघेल,देव सिंह बघेल,आकाश बघेल,कुअरसिंह चौहान,काछू बासुदेव,बघेल रविंद्र बघेल,प्रहलाद बघेल,श्याम सिंह बघेल,राजेंद्र बघेल,रामवीर बघेल,अंतू बघेल,भाव सिंह बघेल,नरेंद्र बघेल,तिलक सिंह बघेल,रामू बघेल,गोविंद बघेल,मोनू बघेल,राहुल श्रीवास,अशोक बघेल,बॉबी बघेल एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

भारतीय जनता पार्टी पाली उपखंड स्तर पर आज पाली शहर में जिला मुख्यालय पर कांग्रेस सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ धरना व ज्ञापन दिया

नेनाराम सिरवी

पुष्पांजली टुडे

पाली। भारतीय जनता पार्टी पाली के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया ।जिला प्रवक्ता तिलोक चौधरी ने बताया ज्ञापन में मौजूदा कांग्रेस शासित राज्य सरकार द्वारा चुनाव घोषणा पत्र 2018 में किसानों की संपूर्ण कर्ज माफी 24 घंटे घरेलू बिजली किसानों को 8 घंटे बिजली की आपूर्ति का वादा परंतु अभी 6 घंटे की आपूर्ति और ना ही कर्ज माफी खाद बीज उपलब्ध नही करवाना उल्टे किसानों पर लाठीचार्ज राजस्थान में बिजली प्रबंध में राज्य सरकार फेल हुई सरकार के प्रबंधक उदासीनता के कारण ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में 7 से 8 घंटे बिजली कटौती की जा रही है राजस्थान में मध्यम वर्ग के परिवारों को शुरू की 6रु 50 पैसे प्रति यूनिट 100 यूनिट तक ओर में ? 7रु50 प्रति यूनिट 500 यूनिट तक एवं सर्विस चार्ज में भारी बढ़ोतरी के कारण कांग्रेस ने आम जनता की कमर तोड़ दी सरकार का वित्तीय प्रबंध पूर्ण रूप से फेल हो चुका है जिसके कारण कोयला कंपनियों का ?2700 सौ करोड का भुगतान समय पर नहीं होने के कारण पूरे राजस्थान में बिजली की त्राहि-त्राहि मची हुई है किसानों को कृषि विजिलेंस द्वारा परेशान किया जा रहा है कृषि कनेक्शनों में 31 दिसंबर 2012 तक कटऑफ तारीख के मांग पत्र जमा करवाने वाले क्षेत्र हजार किसानों के कनेक्शन नहीं करवा कर कांग्रेस सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही है राज्य की सरकार ने 24 घंटे घरेलू बिजली किसानों को 8 घंटे बिजली की आपूर्ति का वादा किया परंतु 6 घंटे भी विद्युत सप्लाई नहीं हो रही है भाजपा की पूर्व सरकार ने किसानों के बिलों में ?833 प्रति माह का अनुदान दिया था जिसे भी कांग्रेस सरकार ने बंद कर दिया अवैध वीसीआर भरकर किसानों को परेशान किया जा रहा है सरकार द्वारा लगातार बिजली की दरों में वृद्धि की जा रही है अनेकों बेवजह चार्ज बिजली के बिलों में लगाये जा रहे हैं मीटर परिवर्तन दरों में भी वृद्धि की जा रही है अघोषित बिजली कटौती की जा रही है जिससे किसान एवं आम नागरिक परेशान हो रहा है सरकार द्वारा बजट घोषणा पत्र 19 व 20 में राज्य सरकार द्वारा पूर्व में एक लाख नवीन कृषि कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य घोषित किया था जिससे आज तक पूरा नहीं किया जा सका राज्य सरकार द्वारा 2250 रु न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बाजरे की खरीद नहीं हो रही है जिससे किसान मजबूरन 1300 रुपए मे बाजरा बेचने को मजबूर हो रहा है वह भी अन्य राज्यों में जाकर बेच रहा है 2018 विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में 10 दिन में कर्ज माफी का वादा किया था जो आज तक पूरा नहीं हुआ है सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण केंद्र सरकार की किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लाखों किसानों को नहीं मिला रबि की फसल के लिए किसानों को ऋण देने का ना तो कोई उचित व्यवस्था की गई और ना ही समय पर खाद बीज की व्यवस्था की गई उल्टा किसान द्वारा खाद मांगने पर लाठियां मिल रही है कांग्रेस की राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक बोज डालकर पेट्रोल डीजल पर 4त वैट बढ़ाया गया एवं स्टेट हाईवे पर टोल टैक्स लगाकर किसान व ग्रामीणों पर और बोझ डाला जा रहा है रीट परीक्षा 2021 में धांधली हुई जिसे रोकने में सरकार विफल रही जिससे होनहार छात्रों का भविष्य अंधकार में है कानून व्यवस्था व भ्रष्टाचार मैं राजस्थान एक नंबर पायदान में आर्थिक अपराधों में भी राजस्थान पहले नंबर पर है यह सरकार की उपलब्धि राजस्थान में बना अपराधियों की शरण स्थली दलितों पर अत्याचार में 40त की वृद्धि हुई है महिला उत्पीड़न में 65त की वृद्धि हुई है प्रदेश में 40 से ज्यादा सांप्रदायिक तनाव की घटनाएं हुई है अवैध बजरी खनन अवैध शराब माफिया वह भू माफिया का प्रदेश में राज है कांग्रेस की राज्य सरकार ने रोकने में विफल साबित हो रही है हत्या लूट फिरौती अपहरण जैसे संगीन संगठित अपराधों को बढ़ावा मिला है इन्हें रोकने में सरकार असफल रही है इन मुद्दों पर भारतीय जनता पार्टी आंदोलनरत है और इसे ज्ञापन के माध्यम से सरकार से मांग करती है कि जनहित की मांगों को अति शीघ्र पूरा करें अपना चुनावी वायदा पूरा करें अन्यथा प्रदेश की जनता सरकार से त्रस्त हो चुकी है उपखंड स्तर पर दिये ज्ञापन में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा पाली विधायक ज्ञानचंद पारख प्रदेश लक्ष्मीकांत भारद्वाज पूर्व प्रवक्ता राजस्थान सभापति रेखा राकेश भाटी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महेंद्र बोहरा पाली प्रधान प्रतिनिधि व भाजपा नेता पुखराज पटेल जिला महामंत्री सुनील भंडारी सुरेश चौधरी तिलोक चौधरी रामकिशोर साबु राधेश्याम चौहान किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिग्विजय सिंह राठौड़ युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल ओझा विक्रम पालसिह मंडल अध्यक्ष वोरा राम चौधरी जगदीश सिंह राजपुरोहित पुखराज बजारा मूल सिंह भाटी मुकेश नाहर नरपत दवे प्रताप सिंह ऐसी मोर्चा के गणपत मेघवाल देदाराम पटेल नैना व्यास सुमन सैन मुन्ना मकरानी गुमान सिंह रावत अरुण चौहान केसर सिंह देवाराम पटेल सुरज भील कल्याण सिंह सालगदास की किशोर सोमनानी निशांत दवे दीपक सोनी बहादुर सिंह राठौड़ सहित भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे बड़ी संख्या में महिला पदाधिकारी भी मौजूद रही भारतीय जनता पार्टी जिला प्रवक्ता तिलोकराम चौधरी।

नेट वेसल कंपोस्टिंग से खाद बनाने की विधि

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड
दैनिक पुष्पांजली टुडे
9826576206

उज्जैन। आजादी के 75वें वर्ष पूर्ण होने की उपलब्धि में ''भारत अमृत महोत्सव'' के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र, रा.वि.सि.कृ.वि.वि. उज्जैन द्वारा डॉ. आर.पी. शर्मा प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख के मार्गदर्शन में 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विशेष राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत डॉ. रेखा तिवारी वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा किसान भाईयों एवं बहनों को ''नेट वेसेल कंपोस्टिंग'' द्वारा रसोई के कचरे को मूल्यवान खाद में बदलने की तकनीकी जानकारी दी गई, जिससे नेट वेसेल एक हरे रंग के नायलॉन के जाल से बना हुआ 90 से.मी. लंबाई और 35 से.मी. व्यास वाला होता है। जिसमें 10-15 किलो क्षमता वाली प्लास्टिक की टोकरी होती है। मात्र 30 दिनों में यह खाद खेत/किचन गार्डन में डालने के लिए तैयार हो जाती है। डॉ. एस.के. कौशिक, वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा प्रक्षेत्र अपशिष्ट से कम्पोस्ट बनाने की विधिक जानकारी दी। डॉ. डी.एस. तोमर, वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा वेस्ट डी कम्पोस्ट से खेत के अपशिष्ट को खाद में परिवर्तित करने की विधिक जानकारी दी। राजेन्द्र गवली, तकनीकी अधिकारी ने वर्मीकम्पोस्ट से आय के विभिन्न स्त्रोत के बारे में बताया। डॉ. मौनी सिंह, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी ने परिसर में स्वच्छता से सेहत पर होने वाले सकारात्मक परिणामों के बारे में बताया। डी.के. सूर्यवंषी वैज्ञानिक ने खेत में गाजरघास से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। स्वच्छता अभियान के तहत सरस्वती शिशु मंदिर में वृक्षारोपण का वृहद कार्यक्रम भी किया गया, जिसमें आम,आंवला, नींबू, सहजन तथा फूलों के पौधे रोपित किये गये। उक्त कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर, प्रक्षेत्र परिसर, ग्राम सालाखेडी, कल्याणपुरा तथा गुराडिया गर्जर आदि गांवों में सफलतापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम से लगभग 600 किसान व किसान महिलाएं तथा छात्र-छात्राएं लाभांवित हुए। कार्यक्रम को यशस्वी बनाने में संस्था के श्रीमती गुजाला खान,अजय गुप्ता, श्रीमती सपना सिंह तथा श्रीमती रूचिता कनौजिया, कु. काजल चौधरी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम गैर सरकारी संस्था कृपा वेल फेयर सोसाइटी की भी अहम भूमिका रही।

डेफोडिल द्वारा संचालित की जा रही 11 पेड पार्किंगों को निगम ने लिया अपने आधिपत्य में

ग्वालियर। डेफोडिल टैक्नोलोजी प्रा.लि. भोपाल द्वारा संचालित की जा रही शहर की प्रमुख 11 पेड पार्किंग पर नियमानुसार कार्य न करने के कारण उनका ठेका निरस्त कर सभी 11 पेड पार्किंग स्थलों को निगम द्वारा अपने आधिपत्य में लेकर निर्धारित शुल्क पर विभागीय कर्मचारियों द्वारा वसूली प्रारंभ कराई गई।

नोडल अधिकारी राजस्व श्री लोकेन्द्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि डेफोडिल टैक्नोलोजी प्रा.लि. भोपाल द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न पार्किंगों की शिकायत को लेकर निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर आज गुरूवार को अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता के निर्देशन में कंपनी द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न 11 पार्किंग स्थलों को निगम के आधिपत्य में लिया गया। इसके साथ ही सिटी सेंटर स्थित सालासर के पीछे स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में संचालित कंपनी के कंट्रोल कमांड सेंटर का आधिपत्य भी निगम द्वारा लिया गया। अब इन सभी पार्किंगो पर निगम द्वारा विभागीय कर्मचारियों के द्वारा निर्धारित शुल्क पर दो पहिया/चार पहिया वाहनों से वसूली की जाएगी। कार्यवाही के दौरान उपायुक्त राजस्व श्री सुनील सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इन पार्किंग स्थलों को लिया निगम ने अपने आधिपत्य में

निगम के राजस्व विभाग द्वारा डेफोडिल टैक्नोलोजी प्रा.लि. भोपाल द्वारा संचालित की जा रही मानसिंह फोर्ट, आईएसबीटी, मल्टीलेवल पार्किंग सालासर के पीछे, नया बाजार मल्टीलेवल पार्किंग, चैम्बर ऑफ कॉमर्स बाउंड्रीवॉल, स्कूटर मोटर साइकिल स्टेंड बिरला नगर, एनसीसी बाउंड्रीवॉल, एयर टेल ऑफिस सिटी सेंटर, बारादरी चॉक ग्रोवर हॉस्टिपल मुरार, वार्ड कार्यालय 13, मिनी स्टेडियम छत्री बाजार की पार्किंग स्थलों को निगम द्वारा अपने आधिपत्य में लिया गया।

आमजनों में स्वच्छता की जिम्मेदारी का भाव विकसित करने के लिए निगम प्रतिदिन चलाएगा अभियान

ग्वालियर। स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर निगम ग्वालियर द्वारा आमजनों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने एवं नागरिकों में स्वच्छता की जिम्मेदारी का भाव विकसित करने के लिए दीपावली संकल्प जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत स्वच्छता के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजनों को जागरूक किया जा रहा है। नोडल अधिकारी ठोस कचरा प्रबंधन श्री श्रीकांत काटे ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने एवं स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 25 अक्टूबर से विभिन्न वार्डों में कचरा उत्पादक स्थल पर ही गीला कचरा सूखा कचरा एवं अन्य कैटेगरी का कचरा अलग-अलग करने के लिए आमजनों को जागरूक किया गया तथा उन्हें डेमों करके भी दिखाया गया। 28 अक्टूबर गुरूवार को विभिन्न वार्डों में स्वच्छता के लिए अभियान चलाकर क्षेत्र के जागरूक नागरिकों के साथ भ्रमण कर आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। श्री काटे ने बताया कि 29 अक्टूबर को अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों, बाजारों में जागरूकता अभियान चलाकर सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन का उपयोग न करने के लिए आमजन से आग्रह किया जाएगा एवं शपथ दिलाई जाएगी। 30 अक्टूबर को कार्यालयों व दुकानों में भ्रमण कर आमजनों को सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन का उपयोग न करने के लिए शपथ दिलाई जाएगी।

निगमायुक्त ने किया देर रात शहर का भ्रमण, रोड स्वीपिंग मशीन के साथ ही अन्य कार्यों को देखा

ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने देर रात शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया तथा रोड सफाई का कार्य कर रही रोड स्वीपिंग मशीन के कार्य को देखा एवं अन्य स्थानों पर भी भ्रमण कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

निगमायुक्त श्री कन्याल ने देर रात्रि गोले के मंदिर से एयरपोर्ट रोड एवं मेला रोड से होते हुए बस स्टैंड महाराज वाडा तक का निरीक्षण किया तथा रोड सफाई का कार्य कर रही रोड स्वीपिंग मशीन के कार्य को देखा एवं स्वच्छता से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त श्री कन्याल ने बस स्टैंड पर बने निगम के डिपो का भी निरीक्षण किया तथा वाहनों के रखरखाव की व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसके साथ ही महाराज बा? पर निरीक्षण कर स्मार्ट सिटी द्वारा बनाई जा रही स्मार्ट पार्किंग का भी निरीक्षण किया तथा बाड़े की विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने नोडल अधिकारी विद्युत को निर्देश दिए कि वह महाराज बाड़े की पार्क की जो लाइटें खराब है वह तत्काल ठीक करें। निरीक्षण के दौरान सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

शहर में विभिन्न स्थानों पर किया फॉगिंग व दवा छिकाव, वसूला जुर्माना

ग्वालियर। शहर में संक्रामक एवं मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम एवं कीट-मच्छरों से बचाव के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा विभिन्न वार्डों में फोगिंग व कीटनाशक दवाओं के छिडकाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही लार्वा का सर्वे भी किया जा रहा है तथा जहां भी लार्वा मिला तत्काल जुर्माने की कार्यवाही की गई। स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि बदलते मौसम में मच्छरों का प्रकोप ज्यादा रहता है तथा वर्तमान में बारिश के मौसम में में मच्छर व अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की संभावना रहती है। जिसे देखते हुए निगम द्वारा नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल के निर्देश पर विभिन्न वार्डों में फोगिंग व कीटनाशक दवाओं के छिडकाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

शहर के विभिन्न स्थानों पर आदित्यपुरम, आनंद नगर, ढोली बुआ का पुल, खटीक मोहल्ला, लोहाग?, खाजगी बाजार, गोवर्धन कॉलोनी, सैनिक कॉलोनी, कृष्णा नगर, कैलाश नगर, पंचमुखी नगर, सुभाष नगर, नई स?क, रामा जी का पूरा, इस्लामपुरा, कबीर कॉलोनी, नया संतर, राधिका विहार कॉलोनी, बालाजी विहार कॉलोनी, जवाहर कॉलोनी, चना कोठार, न्यू साकेत नगर, पडाव, महारानी लक्ष्मी बाई कॉलोनी, बिरला नगर, हजीरा, त्यागी नगर, हक्सर कॉलोनी, राघवपुरम, पवनसुत कॉलोनी, चेतकपुरी, सिटी सेंटर, ठाठीपुर, पटेल नगर, गांधी रोड, न्यू हाईकोर्ट, महाराजपुरा, आदित्यपुरम, सचिन तेंदुलकर मार्ग, माधव नगर आदि क्षेत्रों में फोगिंग व कीटनाशक दवाओं का छिडकाव किया गया।

डेंगू का लार्वा पाये जाने पर वसूला जुर्माना

नगर निगम द्वारा चलाये जा रहे फोगिंग अभियान के तहत घर-घर जाकर डेंगू लार्वा का सर्वे किया जा रहा है जिसके तहत अगर किसी के घर पर डेंगू लार्वा पाया जाता है तो उस पर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत आज डीडी नगर, आदित्यपुरम, शताब्दीपुरम, गोविंदपुरी, दर्पण कॉलोनी, गोली का मंदिर, चौहान प्यागु, मुरार , थाटीपुर, गंढे वाली स?क, शेख की बगिया, सिरॉल इत्यादि 58 स्थानों पर किया लार्वा मिलने पर जुर्माना 7250 वसूला गया। इसके साथ ही जवाहर कॉलोनी में कूलर एवं बाहर रखी पानी की टंकी में पुराना गंदा पानी मिलने पर 200 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

जलकर वसूली अभियान में वार्ड 18 में 68 नवीन कनेक्शन स्वीकृत कर एक लाख से अधिक जलकर वसूला

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा आम नागरिकों की सुविधा के लिए नवीन जल कनेक्शन एवं जल कर वसूली के लिए वार्ड वार शिविरों का आयोजन हो जा किया जा रहा है। शहर में गुरूवार को आयोजित शिविर में नागरिकों ने उत्साह दिखाया और बडी संख्या में उपस्थित होकर नवीन जल कनेक्शन स्वीकृत कराए तथा अपने अवैध कनेक्शन को वैध कराया।

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार आमजनों की सुविधा एवं जलकर वसूली के निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने एवं अवैध नल कनेक्शन के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही जलकर उपभोक्ताओं को नवीन जल कनेक्शन प्रदान करने के लिए सभी वार्डों में जलकर शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

उपायुक्त श्री एपीएस भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि

आज वार्ड क्रमांक 18 के अंतर्गत आदित्यपुरम के ई ब्लॉक में जल प्रदाय के नवीन कनेक्शन देने हेतु कैंप का आयोजन किया गया। उक्त कैंप के अंतर्गत 68 नवीन जल कनेक्शनों को स्वीकृति प्रदान की गई एवं एक लाख से अधिक का जलकर भी वसूला गया।

संक्षिप्त समाचार

संभागीय आयुक्त ने निगम मुख्यालय में अधिकारियों से की चर्चा

ग्वालियर। संभागीय आयुक्त एवं निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सैना ने आज निगम मुख्यालय में निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल सहित विभिन्न अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। संभागीय आयुक्त श्री सक्सैना ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर निगम द्वारा किए जा रहे कचरा प्रबंधन एवं स्वच्छता के विभिन्न कार्यों की जानकारी ली तथा आवशयक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत विभिन्न पैकेजों में बनाये जा रहे आवासों की पूर्णता को लेकर आवशयक जानकारियां प्राप्त की तथा दिशा निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त श्री सक्सैना ने अमृत योजना को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि दिसम्बर तक हर हाल में अमृत योजना के सभी कार्यों को पूर्ण करायें। इसके साथ ही उन्होंने स्वच्छता के लिए एजेंसी हेतु टेंडर प्रक्रिया की जानकारी ली तथा प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता, श्री आरके श्रीवास्तव, श्री राजेश श्रीवास्तव, श्री संजय मेहता, अपर आयुक्त वित्त श्री देवेन्द्र पालिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अग्नि दुर्घटना होने पर इन नम्बरों पर दें जानकारी

ग्वालियर। दीपावली के अवसर पर किसी भी अग्नि दुर्घटना की संभावना को देखते हुये नगर निगम ग्वालियर द्वारा कन्ट्रोल रूम में अनेक टेलीफोन लाईनों की व्यवस्था की गई है, जिस पर शहर का कोई भी नागरिक अग्नि दुर्घटना होने पर तत्काल सूचना दे सकता है। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर दीपावली के पर्व के अवसर पर किसी भी अग्नि दुर्घटना की संभावना को देखते हुये विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। दीपावली त्यौहार के अवसर पर किसी भी अग्नि दुर्घटना की सूचना फायर मुख्यालय रुपसिंह स्टेडियम के नम्बर पर 101, 2342101, 2438361 के साथ ही मुरार क्षेत्र के लिए 0751-2438324 पर एवं लश्कर महाराज बाडा क्षेत्र के लिए 0751-2438326, आनंद नगर सब फायर स्टेशन के लिए 0751-2438368 आदि दूरभाष के अतिरिक्त फॉयर ऑफीसर श्री विवेक दीक्षित के मोबाइल नम्बर 9171097102 एवं सहायक फायर ऑफीसर श्री कोमल सिंह बरेलिया के नम्बर 9406915736 पर भी जानकारी दी जा सकती है।

जनकल्याणकारी योजनाओं के निफल एवं चलने फिरने में असहाय पेंशन हितग्राहियों का घर-घर जाकर किया जा रहा है भौतिक सत्यापन

ग्वालियर। नगर निगम सीमांतर्गत निवासरत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं वृद्ध, दिव्यांग, कल्याणी (विधवा) पेंशन योजना के ऐसे हितग्राही जिन्हें 600 रुपए प्रतिमाह पेंशन प्राप्त हो रही है। इन सभी हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी पूर्वी अग्रवाल ने पेंशन योजना के ऐसे हितग्राही जो चलने फिरने में असहाय हैं एवं निशक्त हैं उन सभी हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन निगम अमले के साथ जाकर निर्धन नगर, लक्ष्मनपुरा व अन्य क्षेत्रों में घर-घर जाकर किया। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी पूर्वी अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि वृद्ध, दिव्यांग, कल्याणी (विधवा) पेंशन योजना के हितग्राहियों के भौतिक सत्यापन किए जाने के लिए संबंधित हितग्राही अपना समग्र परिवार आईडी की छायाप्रति, पेंशन प्राप्त कर रहे बैंक खाते की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, यूडी आईडी कार्ड की छायाप्रति (दिव्यांग प्रमाण पत्र), मृत्यु प्रमाण पत्र (कल्याणी पेंशन धारक) अपने यह सभी दस्तावेज लेकर अपने निकटतम क्षेत्रीय कार्यालय में जाएं और अपना भौतिक सत्यापन कराएं।

पूर्व मंत्री जीतू पटवारी का विधायक डॉ. सिकरवार के कार्यालय पर हुआ भव्य स्वागत

ग्वालियर। श्री जीतू पटवारी पूर्व मंत्री म.प्र शासन के ग्वालियर आगमन पर 16 ग्वालियर पूर्व के विधायक डॉ.सतीश सिकरवार के कार्यालय पर बैंड-बाजो के साथ पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। साथ ही इस अवसर पर सहभोज का कार्यक्रम रखा गया। स्वागत समारोह के अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष म.प्र कांग्रेस कमेटी श्री अशोक सिंह जी पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव, ग्वालियर जिल्ल अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा जी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रूची राय ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष श्री महाराज सिंह पटेल, प्रेम सिंह यादव, निहाल सिंह यादव, राम पांडे, विनोदी जैन, राकेश गुर्जर, चतुर्भुज धनोलिया, नेता प्रतिपक्ष कृष्णराव दीक्षित, योगेन्द्र सिंह नोनेरा, रूपेश दुवे, हेवरन केषाना, सुरेन्द्र यादव, संजय राठौर, अवधेश कौरव, महेन्द्र शर्मा, प्रमोद जैन, अनूप शिवहरे, शरद यादव, संदीप यादव, श्रीमती वीना भारद्वाज, आदित्य सेंगर, अश्वनी अगरैया, डॉ.कमलेश इन्दोरिया. हेमंत शर्मा, मिक्की तोमर प्रतीक जैन, पंचम भदोरिया, हरेन्द्र यादव, राजेश सोन, राहुल गुर्जर, सागर नाती, जहान सिंह तोमर, पोप सिंह वर्मा, दीपू गोयल, दिलीप पंजवानी, विजय बहादुर त्यागी, महेश कुशवाह, सोनू भदौरिया, सुरेश प्रजापति, सुनील रमपुरिया, रामअवतार जाटव, छोटू मंडेल्या, धर्मवीर जाटव, एवं अदित्य सतीश सिकरवार (युवानेता) के साथ सैंकडो की संख्या में कार्यकर्तागण मोजूद रहे।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478